दैनिक पंचांग

सूर्योदयः 06:55 ए एम
सूर्यास्तः 05:24 पी एम
तिथिः सप्तमी - 08:58 ए एम तक
नक्षत्रः धनिष्ठा - 07:11 ए एम तक
क्षय नक्षत्रः शतभिषा - 06:12 ए एम
योगः व्याघात - 12:02 पी एम तक
करणः वणिज - 08:58 ए एम तक
पक्षः शुक्ल पक्ष
वारः बुधवार

Digital Edition

हिन्दी दैनिक

झारखण्ड देखो

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 2022 • अंक 244 • पृष्ठ 8 • दुमका, बुधवार 30 नवंबर 2022 • मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

संक्षिप्त समाचार

श्रद्धा पर महापंचायत में मंच पर महिला ने शख्स को चप्पल से पीटा

नयी दिल्ली/एजेंसी। श्रद्धा हत्याकांड मामले को लेकर दिल्ली के छतरपुर में इंसाफ दिलाने को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में श्रद्धा को इंसाफ दिलाने के लिए बात की जा रही थी, तभी अचानक मंच पर अपनी बात रखती महिला गुस्सा हो गयी और मंच पर ही चप्पल उतार कर एक पुरुष को मारना शुरू कर दिया. बताया जा रहा है कि कार्यक्रम हिन्दू एकता मंच के द्वारा संचालित कराया जा रहा था. हिंदू एकता मंच के कार्यक्रम 'बेटी बचाओ महापंचायत' के मंच पर महिला अपनी परेशानी बताने के लिए चढ़ी. और अचानक एक आदमी को चप्पल से मारने लगती है जब वह उसे माइक से दूर धकेलने की कोशिश करता है.

आम लोगों के लिए एक दिसंबर को लॉन्च होगा डिजिटल रुपया

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने डिजिटल मुद्रा – 'डिजिटल रुपया' को लेकर बड़ा एलान किया है। आरबीआई ने कहा है कि वह एक दिसंबर को खुदरा डिजिटल रुपये के लिए पहली खेप लॉन्च करेगी। यह कानूनी निविदाओं का प्रतिनिधित्व भी करेगा। आरबीआई ने यह भी बताया कि डिजिटल रुपया उसी मूल्यवर्ग में जारी किया जाएगा जिसमें वर्तमान में कागजी मुद्रा और सिक्के जारी किए जाते हैं। रिज़र्व बैंक ने 01 दिसंबर, 2022 को खुदरा डिजिटल रुपये का पहला पायलट लॉन्च करने की घोषणा की है। इससे पूर्व आरबीआई ने 31 अक्टूबर, 2022 की एक प्रेस विज्ञप्ति में संकेत दिया था कि खुदरा डिजिटल रुपये का पायलट प्रोजेक्ट एक महीने में शुरू होगा। ई डिजिटल रुपया पायलट प्रोजेक्ट में भाग लेने वाले ग्राहकों और व्यापारियों के क्लोज्ड यूजर ग्रुप (सीयूजी) में चुनिंदा लोकेशन पर उपलब्ध होगा। ई डिजिटल रुपया एक टोकन के रूप में लीगल टेंडर होगा। यह उसी मूल्यवर्ग में जारी किया जाएगा जो वर्तमान में कागजी मुद्रा और सिक्के के रूप में जारी किए जाते हैं।

बिजनेस

बीएसई सेंसेक्स

62,681.84+177.04 (0.28%)

निफ्टी

18,618.05+55.30 (0.30%)

आईएफएफआई जूरी हेड ने 'द कश्मीर फाइल्स' को बताया भद्दी फिल्म

मुंबई/एजेंसी।

विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' ने इस वर्ष सफलता के तमाम रिकॉर्ड्स तोड़े। मगर, साथ ही फिल्म विवादों में भी खूब रही। हाल ही में गोवा में आयोजित हुए 53वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) के आज आखिरी दिन भी यह फिल्म चर्चा में रही। दरअसल, जूरी के हेड ने इस फिल्म पर सवाल उठाए हैं। इतना ही नहीं, जूरी हेड और इस्राइल के फिल्म मेकर नादव लैपिड ने इस फिल्म को प्रोपेगेंडा फिल्म बताया है। साथ ही उन्होंने इसे 'भद्दी' फिल्म भी कहा है। फेस्टिवल की क्लोजिंग सेरेमनी की दौरान लैपिड ने यह बात कही। इस दौरान केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे।

नादव लैपिड ने फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म की स्क्रीनिंग देखकर भी हैरानी जताई है। नादव लैपिड ने फिल्म की आलोचना करते हुए यह तक कह दिया यह फिल्म फेस्टिवल की प्रतियोगिता में शामिल भी किए जाने लायक नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म सिर्फ प्रचार के लिए थी। नादव ने कहा, 'इस फिल्म को देखकर हम सभी हैरान और परेशान थे। यह एक वल्गर फिल्म है। यह फिल्म एक प्रतिष्ठित फिल्म समारोह के एक कॉम्पटेटिव सेक्शन के लिए सही नहीं है।' बता दें कि गोवा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल से एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। नादव लैपिड इस वीडियो में विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' की आलोचना कर रहे हैं। वीडियो में वह फिल्म की आलोचना करते हुए कह रहे हैं कि 'फेस्टिवल में फिल्म को लेकर अपनी यह फीलिंग्स साझा करते हुए वह पूरी तरह सहज हैं।'



सूरत में 'रोड शो' के दौरान अरविंद केजरीवाल पर चला पत्थर

सूरत/एजेंसी।

सोमवार को सूरत में आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने रोड शो निकाला। इस दौरान रोड शो में केजरीवाल की रैली पर पत्थर फेंके गए। पुलिस ने मामले को संभाल लिया। आपको बता दें कि अरविंद केजरीवाल रविवार से सूरत में हैं। इस दौरान उन्होंने कपड़ा व्यापारियों से बातचीत भी की थी। कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) गुजरात में सत्ता में आने पर निर्यातोन्मुखी एकीकृत कपड़ा पार्क और हजारों नौकरियों के सृजन के साथ शहर को देश का वस्त्र उत्पादन केंद्र बनाएगी। गुजरात के सूरत में सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 'रोड शो' के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। यह घटना कतारगाम इलाके में शाम को उस वक्त हुई जब केजरीवाल के 'रोड शो' में शामिल वाहनों का काफिला इलाके से गुजर रहा था। केजरीवाल ने दावा किया कि 'रोड शो' के दौरान पत्थर फेंका गया। पुलिस उपायुक्त (जोन-3), पिनाकिन परमार ने कहा कि केजरीवाल को सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) के साथ चार किलोमीटर के 'रोड शो' में 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा, ''रैली शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पथराव की कोई घटना नहीं हुई। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच मामूली धक्का-मुक्की हुई, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।'' आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा, ''जब हम आगे बढ़ रहे थे, तो उनके (परोक्ष रूप से भाजपा का जिक्र करते हुए) समर्थकों ने हम पर एक पत्थर फेंका। मुझे लगता है कि अगर उन्होंने पिछले 27 सालों में कोई काम किया होता तो उन्हें पत्थर फेंकने की जरूरत नहीं पड़ती। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि केवल केजरीवाल बिजली के बिल माफ करेंगे, आपके बच्चों को पढ़ाएंगे और पत्थरों की जगह आपको फूल देंगे।'' केजरीवाल ने कहा कि वह यहां गुंडागर्दी करने नहीं एक अच्छा समाज बनाने आए हैं।

कुरुक्षेत्र में पूर्वजों को यादकर भावुक हुईं राष्ट्रपति, आंखें हुईं नम, विधि-विधान से की पूजा

कुरुक्षेत्र/एजेंसी।

पहली बार हरियाणा के कुरुक्षेत्र धर्मनगरी की धरा पर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूरी आत्मीयता और श्रद्धा भाव के साथ ब्रह्मसरोवर तीर्थ पूजन किया। इसके उपरांत सीएम मनोहर लाल और पुजारी पंडित बलराम गौतम ने उनको ब्रह्मसरोवर की महत्ता से अवगत कराया। इससे अभिभूत राष्ट्रपति तीर्थ पूजन के दौरान पूर्वजों के मोक्ष की कामना करते हुए सूर्य को अर्घ्य देते समय भावुक हो गईं और उनकी आंखों में आंसू आ गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने काफिले के साथ सुबह 11:45 बजे ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग पहुंचीं। यहां पर एक मिनट के बाद ही उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि-विधान से ब्रह्मसरोवर पर पूजन किया। पूजा कराने वाले पंडित बलराम गौतम ने बताया कि जैसे उन्होंने पितृ मोक्ष मंत्र का जाप करते हुए राष्ट्रपति को पूर्वजों का ध्यान करके उनके मोक्ष की कामना के लिए कहा तो उनकी आंखें नम हो गईं, मगर इसके बाद राष्ट्रपति ने खुद को संभाला और चश्मा उतारकर आंखों को साफ किया। फिर ब्रह्मसरोवर की महत्ता जानकर राष्ट्रपति ने तीर्थ को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। उनके साथ हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, सीएम मनोहर लाल और स्वामी ज्ञानानंद मौजूद रहे। ब्रह्मसरोवर पूजन के बाद राष्ट्रपति ने श्रीकृष्ण-अर्जुन रथ के नजदीक चल रहे गीता यज्ञ में भी पूर्णाहुति डाली। राष्ट्रपति पुरुषोत्तमपुरा बाग में करीब 12 मिनट तक रहीं और उसके बाद आगामी कार्यक्रम की ओर बढ़ गईं।

डीएसओ ने पीडीएस दुकानदार से मांगा तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। जामा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह अंचला धिकारी आशीष कुमार मंडल द्वारा जांचोपरांत जामा प्रखंड अंतर्गत सरसाबाद पंचायत के लगवन गांव के पीडीएस दुकानदार बहा हेम्ब्रम को जिला आपूर्ति पदाधिकारी से निलंबित करने की अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी दुमका ने तीन दिन के अंदर बहा हेम्ब्रम से स्पष्टीकरण मांगा है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी दुमका के द्वारा जारी किये गए पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पीडीएस दुकानदार बहा हेम्ब्रम के विरुद्ध ग्रामीणों से मिली शिकायत पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जामा ने जांच पड़ताल कर जांच प्रतिवेदन जिला आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय दुमका को समर्पित किया है। जिसमें पीडीएस दुकानदार बहा हेम्ब्रम का पीडीएस दुकान निलंबित करने की अनुशंसा की गई है। प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जामा ने अनुशंसा पत्र में जिला आपूर्ति पदाधिकारी दुमका को अवगत कराया है कि जांच प्रतिवेदन में पीडीएस दुकानदार के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का वितरण हर माह सभी कार्ड धारियों को नहीं किए जाने के कारण कार्ड धारकों द्वारा सड़क जाम किया गया था, तथा वर्तमान में माह सितंबर में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का खाद्यान्न को बड़ी चालाकी से कार्ड धारकों को बिना जानकारी दिए माह अगस्त सितंबर एवं अक्टूबर माह का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का खाद्यान्न सितंबर एवं अक्टूबर माह का बताकर वितरण किया गया। तथा अगस्त माह का कार्ड में एंट्री भी नहीं किया गया। जिससे साबित होता है कि पीडीएस दुकानदार के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना योजना में अनियमितता बरती जा रही थी। उक्त के आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी दुमका ने पीडीएस दुकानदार बहा हेंब्रम से तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने साथ ही कहा है कि संतोषजनक जवाब नहीं दिये जाने पर पीडीएस दुकानदार बहा हेम्ब्रम के विरुद्ध झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली आदेश 2022 की कंडिका 28 के तहत आवशयक कार्रवाई की जाएगी।

बिजली कनेक्शन काटने पहुंची टीम का ग्रामीणो ने किया विरोध ,18 घरो का बिजली कनेक्शन काटा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। रामगढ़ में बिजली बकाया राशि उपभोक्ताओं द्वारा जमा नहीं करने को लेकर मंगलवार को 13 सदस्यीय टीम सिंदुरिया गांव पहुंचकर जेसे ही बकायादार बिजली उपभोक्ताओं के घरों से बिजली काटना शुरू किया दर्जनों की संख्या में लोगों ने इसका विरोध किया। बिजली उपभोक्ताओं का शिकायत है कि जर्जर बिजली तार ,अरथींग टुटने से लो बिजली लोगों को मिल रहा है। वहीं लोगों ने बताया कि दो बर्ष पुर्व एक ऊर्जा मित्र द्वारा लाखों रुपये सिंदुरिया गांव से उठाव कर गबन कर लिया तथा उक्त बिजली ऊर्जा मित्र विभाग को राशि जमा नही किया जिसके कारण बिजली बकाया राशि अधिक लग रही है। उक्त बिजली ऊर्जा मित्र पर आज भी मामला न्यायालय में लंबित है।लोगों की गाढ़ी कमाई गबन का आज तक जांच नहीं हुआ जिससे लोग आज तक आक्रोशित हैं। लोगों ने बताया गांव सिंदुरिया में बिजली बिल बकाया वसुली शिविर आयोजित किया जाय ताकि लोग बिजली बिल जमा कर सके।जो नहीं भुगतान करेगा उसका विभाग बिजली घरों से काट दें।बाद में बिजली विभाग के 13 सदस्यीय टीम ने 18 लोगों के घरों से बिजली कनेक्शन डिस्कनेक्ट किया।जिसमें अमरनाथ प्रसाद,चंदशेखर महतो, सहदेव राय, प्रेमचंद राय, परमेश्वर मिर्धा समेत 18 घरों से बड़ी मुश्किल से लाइन काटा गया।वहीं 10 लोगों नै घरों से लाइन नहीं काटने दिया जिसका रिपोर्ट बिजली टीम बासुकीनाथ विद्युत विभाग को दिया है।बिजली कनेक्शन काटने में टीम को लोगों के भारी विरोध का सामना करते हुए बिजली कनेक्शन को काटा।

नए मतदाताओं का नाम दर्ज करने के लिये चलाया विशेष अभियान

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। आगामी एक अक्टूबर को अठारह वर्ष की उम्र पूरी करने वाले नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज किया जाएगा। इसके लिये मतदाता सूची का विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है।पुनरीक्षण के कार्य से जुडे पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को इन्टर स्तरीय उच्च विद्यालय रामगढ तथा इन्टर स्तरीय रानी सोनावती उच्च विद्यालय, नोनीहाट के एक अक्टूबर को अठारह वर्ष पूरा करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच मतदाता सूची में नए मतदाता का नाम दर्ज करने के लिये प्रपत्र 6 का वितरण किया।पर्यवेक्षक योगेन्द्र प्रसाद साह ने बताया कि पहले एक जनवरी को अठारह वर्ष पूर्ण करने वालों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होता था लेकिन अब इसके लिये वर्ष में चार बार पात्रता तिथि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित की गई है। प्रत्येक वर्ष के एक जनवरी,एक अप्रैल, एक जुलाई तथा एक अक्टूबर को अठारह वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं।

बिजली विभाग की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए विभाग को कार्यशैली सुधारने का निर्देश

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। काठीकुंड अंचलाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अमर जॉन आईंद की अध्यक्षता में आज मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभाग के कर्मचारियों शामिल हुए।अंचलाधिकारी अमर जॉन आईंद ने बताया कि बैठक में बिजली विभाग की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए विभाग को कार्यशैली सुधारने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि सलाई पहाड़ी गांव में बिजली ट्रांसफार्मर जल गया है,जिस कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर है। ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी विभाग के कर्मचारियों को देने के बावजूद अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। बैठक में बिजली विभाग के संबंधित कर्मचारियों को यथा शीघ्र गांव में ट्रांसफर लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी विभागों पर विषयवार चर्चा करते हुए क्षेत्र में कार्य करने की अपील की गईं बताया कि अभी पंचायतवार फ़सल राहत एवं मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में किसानों के निबंधन आवेदन तथा ई-केवाईसी हेतु आयोजित शिविर में कोई भी व्यवधान नहीं होना चाहिए। इस पर सभी पंचायत समिति सदस्यों ने विभाग के संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया। मौके पर प्रमुख बिमला नीपू सोरेन,उपप्रमुख एलबिनुस किस्कू,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू,प्रभारी पंचायत राज़ पदाधिकारी प्रदीप कुमार यादव,प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी इरशाद अंसारी, समेत पंचयात समिति सदस्य उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में तीन स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। मसानजोर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीतपुर के समीप सड़क दुर्घटना में तीन स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए है। मसानजोर थाना पुलिस ने घायल बिनोद टुडू उम्र 16,जैनुल हांसदा उम्र 16 एवं टॉयलेन हांसदा उम्र 16 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीश्वर में भर्ती कराया थोप्राथमिक उपचार के बाद तीनों को फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका रेफर कर दिया गया हैं।छात्र टांयलेन मसानजोर थाना क्षेत्र के रहड़ापाड़ा का रहने वाला बताया जा रहा हैं ।वही बिनोद एवं जैनुल टोंगरा थाना क्षेत्र के हैं।समाचार लिखे जाने तक यह पता नहीं चल पाया कि दुर्घटना कैसे हुई।

संक्षिप्त समाचार

छात्रो के लिए मॉक टेस्ट परीक्षा आयोजित

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। जामा प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जामा, प्लस टू उच्च विद्यालय जामा, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बारापलासी,संत जेवियर कालेज महारो,उत्क्रमित उच्च विद्यालय आमगाछी कुरवा,उत्क्रमित उच्च विद्यालय निश्चितपुर,उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिकनिया,विजय राज जनजाति उच्च विद्यालय चोरकट्टा उत्क्रमित उच्च विद्यालय आसनसोलकुरुवा,उत्क्रमित उच्च विद्यालय लकड़ा पहाड़ी,संताल बालिका उच्च विद्यालय महारो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय ऊपर बहाल आदि 14 विद्यालयों में मंगलवार को पर्यवेक्षक की निगरानी में 10 वीं और 12 वीं कक्षा का मॉक टेस्ट परीक्षा आयोजित किया गया।

डैम के पास से 75 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। रामगढ़ थाना क्षेत्र के अमडा पहाड़ी पंचायत अंतर्गत कुप्पी गांव में बने चेक डैम के पास से आज मंगलवार को एक 75 वर्षीय अज्ञात महिला का शव रामगढ़ थाना पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान अभी नहीं हो सकी है। मृतका ने आदिवासी परिधान पहन रखा है।अंदाजा लगाया जा रहा है कि उक्त महिला शौच करने के बाद पानी लेने के लिए डैम के नजदीक गई होगी जहां वह पानी में डूब गई तथा रात भर पानी में पड़े रहने के कारण ठंड से उसकी मौत हो गई होगी। पुलिस ने बरामद शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि महिला के शव को पहचान के लिए दुमका स्थित शीतगृह में सुरक्षित रखा जाएगा। पहचान के लिए आसपास के गांव में भी सूचना दे दी गई है।

डकैती कांड के अभियुक्त ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। रामगढ़ डकैती कांड के अभियुक्त गब्रियल किस्कू उर्फ मुर्मू ने पुलिस दबिश में आकर मंगलवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। गब्रियल किस्कु पर वर्ष 2016 में रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ठाडीहाट पंचायत के बुनबुनी गांव स्थित विश्वनाथ साह के दुकान में अपने अन्य सहयोगियों इंगलिश मरांडी, चतुर टुडू, नरेश मिर्धा, डेबिड सोरेन के साथ डकैती करने का मामला दर्ज किया गया था उसी दिन आरोपियों के द्वारा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दूम गांव में भी धनंजय मंडल के दुकान मे डकैती की घटना को अंजाम दिया था घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था पुलिस लगातार उसे गिरफ्तार करने के लिए छापामारी कर रही थी न्यायालय के द्वारा कुर्की जब्ती के साथ-साथ इश्तेहार भी निकाला गया था पुलिस दबिश में आकर आरोपी ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया की उक्त कांड के सभी आरोपी को पूर्व में जेल भेज दिया गया है।



आत्मा शासकीय निकाय एवं चास हाट योजना की बैठक हुई

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ । उपायुक्त वरूण रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को आत्मा शासकीय निकाय एवं चास हाट योजना की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार पाकुड़ में किया गया। बैठक में अरुण कुमार जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा पाकुड़ के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021- 22 में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में किए जाने वाले कार्य के बारे में चर्चा की गई। इस वर्ष केवीके के द्वारा जिला में किसानों को बायो फ्लॉक फिश फार्मिंग, वैल्यू एडिशन, मशरूम उत्पादन, सब्जी की खेती, विषय पर किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा फ्रेंचबीन, शिमला मिर्च, अचारी मिर्च,थाई अमरूद इत्यादि का प्रत्यक्षण किया जाएगा। 25 किसानों को अंतर राज्य परिदर्शन हेतु भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी भेजा जाएगा। उसके अलावा हार्प पलांडू भी भेजा जाएगा। जनवरी माह में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। किसान वैज्ञानिक अंतर मिलन किसान गोष्ठी, किसान पाठशाला इत्यादि चलाने का स्वीकृति बैठक में दिया गया। चास हाट के समीक्षा क्रम में विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई, जिसमें उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द कंपनी को बीज, खाद, कीटनाशक विक्रय केंद्र हेतु लाइसेंस दिया जाए एवं कंपनी का सभी प्रखंडों में आउटलेट खोलने हेतु अनुमति दिया जाए। भूमि संरक्षण पदाधिकारी को कृषि यांत्रिकीकरण योजना में कंपनी के किसानों को प्रोसेसिंग यूनिट यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने जेएसएलपीएस डीपीएम को चेकलिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया, कौन सा कार्य निष्पादित कर दिया गया है एवं किस तरह की गतिविधि की शुरुआत नहीं की गई है। इसका निरंतर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।

इस बैठक में डॉ श्रीकांत सिंह, कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र महेशपुर, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, सभी बीपीएम किसान प्रतिनिधि मोहम्मद सम्सुजोहा, शयाम सिंह, इनपुट डीलर जौहर आलम, मत्स्य पालक प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि एवं अरविंद कुमार राय, उप परियोजना निदेशक आत्मा पाकुड़ उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कालाजार खोज अभियान पखवाड़ा चलाया

पाकुड़ । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । लिट्टीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ कर्मियों द्वारा कलाकार गहन खोज अभियान चलकर क्षेत्र के दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्र के गांव में जांच कर दवा का वितरण किया जा रहा है. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ऐतेशाउद्दीन ने बताया कालाजार गहन खोज अभियान 21 नवंबर से चलाया जा रहा है. अभी तक 21 गांव में खोज अभियान चलाकर क्षेत्र के पहाड़ी एवं ग्रामीण इलाकों के गांव में ग्रामीणों का जांच कर दवा का वितरण किया गया है। अभियान आगामी दो दिसंबर तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया अभियान में स्वास्थ केंद्र के सभी एएनएम एमपीडब्ल्यू बिटीटी एवं सहिया को लगाया गया है। उन्होंने बताया स्वास्थ टीम घर-घर जाकर सर्वे कर संभावित कालाजार के मरीज एवं अन्य बीमारियों के मरीजों का चिकित्सक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जाँच एवं उपचार किया जा रहा है।

बेकाबू बाइक सवार ने युवक को रौंदा, युवक गंभीर

मेहरमा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। ठाकुरगंगटी प्रखंड के सीमावर्ती मंडरो-मिर्जाचौकी मुख्य सड़क के बीच भगैया पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार देर शाम भगैया सप्ताहिक हाट से पैदल लौट रहा एक युवक को पीछे की तरफ से आ रहा है बेकाबू बाइक सवार ने रौंद दिया जिससे एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। ग्रामीणों के मदद से एंबुलेंस मुहैया कराया गया। जिसे उपचार के लिए हरिदेवी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक का पहचान ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के नयाचक गांव निवासी सुनील हेब्रम (40) वर्ष के रूप में हुई है। हालांकि दुर्घटना के बाद बाइक सवार बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त बाइक बिना नंबर प्लेट का बताया जा रहा है। इधर खबर लिखे जाने तक किसी भी थाने की पुलिस नहीं पहुंची थी।

लिटिगेशन पॉलिसी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित

गोड्डा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) । मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त गोड्डा जिशान कमर एवं पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना की संयुक्त अध्यक्षता में स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उपायुक्त के द्वारा पेंडिंग पड़े मामलों पर यथाशीघ्र निष्पादन करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवशयक निर्देश दिए गए। साथ ही साथ उपायुक्त के द्वारा उच्च न्यायालय झारखंड रांची में शपथ पत्र दाखिल करने हेतु लंबित मामलों की समीक्षा की गई। महोदय के द्वारा बताया गया कि गंभीर मामले, सिविल एवं क्रिमिनल मामले से संबंधित अनेक मामले जो पेंडिंग पड़े हैं उसे यथाशीघ्र संबंधित विभाग के द्वारा निष्पादित किए जाए। बैठक में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। जिला अंतर्गत विक्टिम कम्पनसेशन से संबंधित पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की समीक्षा की गई। विभिन्न विभागों में झारखंड उच्च न्यायालय रांची के वादो की समीक्षा तथा विवरणी तैयार करने हेतु जीपी एवं एजीपी के पास लंबित वादो की समीक्षा की गई। महोदय के द्वारा क्रिमिनल एवं अभियोजन संबंधी मामले की समीक्षा की गई। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा एवं महागामा के न्यायालय के लंबित वादो की समीक्षा भी की गई।

मौके उप विकास आयुक्त गोड्डा संजय सिन्हा ,सिविल सर्जन गोड्डा डॉ0 अनंत कुमार झा , अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा मनोज कुमार ,अनुमंडल पदाधिकारी महागामा सौरव कुमार भुवानिया , जिला विधि शाखा प्रभारी नागेश्वर साव ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे।

फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार के समर्थन में धरना प्रदर्शन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

हिरणपुर(पाकुड़) । हिरणपुर बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु बाजार स्थित दामिन डाक बंगला में धरना प्रदर्शन फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार के समर्थन में हिरणपुर एवं लिट्टीपाड़ा प्रखंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन पूर्व जिला परिषद सदस्य शिवचरण महतो के नेतृत्व में मंगलवार को किया गया। धरना प्रदर्शन का मुख्य उद्देशय हिरणपुर बाजार स्थित जबरदाहा मौजा 15 अनावादी खाता संख्या 95 केसरी हिंद जमीन भाग संख्या 581 कुल रकबा 8 दिन तक बांग्ला भाग संख्या 582 कुल रकबा 28-16 -11 दैनिक हॉट भाग संख्या 522 कुल रकबा 40 बीघा मवेशी हाट भाग संख्या 574 कुल रकबा 6- 1-0 पशु अस्पताल थाना दाग संख्या 575 कुल 3 बीघा थाना 3 बीघा में हॉस्पिटल पशु 1.5 बीघा में पोस्ट ऑफिस या अगले शासनकाल से लगने वाले ऐतिहासिक और सप्ताहिक हॉट है यहां तत्कालीन बिहार झारखंड तथा बंगाल से वन संपदा और पशुओं का क्रय विक्रय के लिए प्रसिद्ध केंद्र हिरणपुर हाट रहा है, मालूम हो कि हिरणपुर हाथ के मध्य में ही पहाड़ी वन संपदा हॉल, लकड़ी, पत्ता, दतवन और खजूर चटाई आदि बेचने हेतु पहाड़िया और आदिवासी संथाल जनजाति बड़ी संख्या में आते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि वन संपदा क्रय विक्रय हेतु चयनित स्थल को अवैध रूप से फर्नीचर होटल सब्जी प्याज का भंडारण आदि अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा किया गया है फल स्वरूप वन संपदा का खरीद बिक्री सड़क पर होने के कारण सप्ताहिक हाट बाजार के दिन गाड़ियों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी करना पड़ रहा है। इन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को अंचलाधिकारी हिरणपुर के द्वारा हिरणपुर बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु आवेदन देकर धरना प्रदर्शन किया है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य शिवचरण मालतो के अलावे रामानंद साहा ,विष्णु साहा, शब्बीर अंसारी, पतरास पहाड़िया, सरदार विजय मालतो, कृष्णा साहा, शब्बीर अंसारी, पारुस पहाड़िया आदि दर्जनों लोग धरना में बैठे थे धरना के दौरान प्रशासन के विरोध में नारा भी लगाया जा रहा था।

कमिटी विवाद के कारण शिक्षकों को नहीं मिला 22 माह से वेतन

- **सता रही है परिवार के भरण पोषण की चिंता**

हनवारा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। महागामा प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय परसा में कार्यरत शिक्षकों की स्थिति दयनीय बन गई है। वहां पर कार्यरत शिक्षकों को 22 माह से वेतन नहीं मिलने की वजह से शिक्षक भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। शिक्षक नीलू सिंह, गुलाम रब्बानी, मुर्शिद आलम, मंजूर आलम बताते हैं कि कमिटी विवाद के कारण हमलोगों को 22 महीनें से वेतन नहीं मिला है। जिस कारण घर के दरवाजे पर कर्जदारों का पहरा बढ़ने लगा है। इस महंगाई के कारण परिवार का भरण पोषण की अब चिंता सता रही है। क्योंकि सारा चीज इसी के ऊपर निर्भर करता था। मिली जानकारी के अनुसार उच्च विद्यालय परसा अंजुमन इस्लाहुल मुस्लमीन कमेटी की निगरानी में चलता था लेकिन इसमें कार्यरत शिक्षकों के वेतन का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता था। आपसी तालमेल नहीं होने के कारण चल रहे कमेटी को लेकर विवाद छिड़ गया। कमिटी दो गुटों में बंट गए। कमिटी का वर्षों से जारी विवाद अब तक सुलझ नहीं सका है,और इनकी सजा शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। कमिटी की लड़ाई में हर कोई अपनी अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं।लेकिन यह वर्चस्व,पगड़ी वाली लड़ाई में शिक्षक पिसा रहे हैं। वर्षों से अंजुमन कमेटी को लेकर विवाद चल रहा है। लेकिन शिक्षक नीलू सिंह, मोहम्मद मुर्शिद, मंजूर आलम, गुलाम रब्बानी एवं शिक्षकेतर कर्मचारी आदि का भुगतान 22 महीनों से बंद है।

जानकारी के अनुसार उच्च विद्यालय परसा की नींव आजादी से एक वर्ष पूर्व 1946 में रखी गई थी। जहां से एकीकृत बिहार के दर्जनों जिले के छात्र इस स्कूल से अध्ययन कर चुके हैं। इस स्कूल के छात्रों ने देश के साथ-साथ विदेशों में भी नाम रोशन किया है। उच्च विद्यालय परसा के ही छात्र दिवंगत सईद साहब एकीकृत बिहार के पर्यटन मंत्री भी रह चुके हैं। महागामा विधानसभा के तीन बार के विधायक भी रहे। महागामा के पूर्व विधायक अशोक कुमार ने भी उच्च विद्यालय परसा से ही पढ़ाई की है। ढेरों ऐसी नामचीन हस्तियां हैं जिन्होंने इस स्कूल से ही अपनी पढ़ाई की है। इस स्कूल ने ऐसे ऐसे विद्यार्थी दिए हैं। जो आज बड़े बड़े डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर,हैं अफसोस कि बात यह है कि उन्हीं स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी आज अपने वेतन भुगतान के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।जिसके सामने भुखमरी की चिंता सताने लगी है।शिक्षकों ने जिला प्रशासन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मामले को सुलझाने की गुहार लगाई है।

स्वच्छता प्रबंधन के तहत भष्मक का निरीक्षण

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ । मंगलवार को जिला के पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत सोनाजोड़ी पंचायत के सोनाजोड़ी ग्राम में स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के तहत ठोस एबं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निर्मित किए जा रहे सोक पिट/नाडेप/माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत भष्मक का निरीक्षण जिला समन्वयक सुमन मिश्रा, जिला समन्वयक इमरान आलम एवं जिला समन्वयक रितेश कुमार के द्वारा किया गया। उक्त भष्मक निर्माण का कार्य सोनाजोड़ी पंचायत के सोनाजोड़ी ग्राम के ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से कराया जा रहा है। भस्मक निर्माण किए जाने का मुख्य उद्देशय माहवारी के दौरान प्रयोग किए गए सैनेटरी पैड का सुरक्षित निपटान किया जा सके। ज्ञात हो कि सीबीएम फेज क्क के तहत ज़िले के कुल 262 अदद ग्रामों में एसएलडब्लूएम का कार्य पूर्ण किया जा रहा है।

ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने रेलवे के सभी सुपर सुपरवाइजर के साथ की परिचर्चा

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ । ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा कार्यालय में कॉमरेड अखिलेश कुमार चौबे की अध्यक्षता में यूनियन के प्रतिनिधियों ने सोमवार की देर शाम सभी विभाग के पर्यवेक्षक के साथ एक परिचर्चा बैठक की ' इस बैठक में कॉमरेड अखिलेश चौबे ने बताया की मुख्य रूप से सुपरवाइजर कोटि के वेतन के उन्नयन के अवसर में वृद्धि के ऊपर चर्चा की गई एवं ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के योगदान को सभी के समक्ष रखा गया। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्र में भी यह उल्लेख है की यह मांग जेसीएम द्वारा लगभग 6 वर्ष पूर्व रखी गई थी, जिसे पूरा किया गया है। शाखा सचिव संजय ओझा ने बताया कि सुपरवाइजर रेलकर्मी अत्यधिक दबाव में जीने को मजबूर हैं ,उन्हें जहां रेल कर्मियों की कमी एवं अन्य कई परिस्थिति जन्य समस्या से जूझना पड़ता है, वही रेलवे अधिकारियों का अतिरिक्त दबाव भी झेलना पड़ता है। इससे इनकी कार्य क्षमता प्रभावित होती है' हालांकि रेलवे में कार्यरत यह कोटि काफी सजग, संवेदनशील, कार्य कुशल एवं कर्तव्य परायण होते हैं, जो किसी भी कार्य को धरातल पर संपन्न करवाने के लिए जी जान से लगे रहते हैं। यूनियन के शाखा सचिव ने बताया कि पाकुर शाखा को सभी विभागों के पर्यवेक्षकों का पूर्व में भी काफी सहयोग मिलता रहा है और आज भी यूनियन एवं पर्यवेक्षक मिलकर कर्मचारियों के हित में एवं उनके सुविधा विस्तार हेतु परस्पर सामंजस्य स्थापित कर आगामी कार्य योजना को अंजाम देते हैं। इस अवसर पर शाखा द्वारा किए गए प्रयास एवं सफलता को भी सभी के समक्ष रखा गया।

पत्थर व्यवसायी लुत्फुल हक ने 63 टीबी मरीजों को ईलाज के लिए बीड़ा उठाया

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

हिरणपुर (पाकुड़) । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सितपहाड़ी के पत्थर व्यवसायी लुत्फुल हक ने सितपहाड़ी में प्रखंड क्षेत्र के मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर इलाजरत 63 यक्ष्मा (टिबि) मरीजों को लिया गोद। वही प्रखंड क्षेत्र के हजारों लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया।

- **पत्थर व्यवसायी लूतफुल हर वर्ष करते हैं सामाजिक कार्य**

पत्थर व्यवसायी लूत्फुल हक प्रत्येक वर्ष अपने सामाजिक कार्य के लिए चर्चा में रहते हैं। इस वर्ष भी लुत्फुल हक ने प्रखंड के इलाजरत 63 मरीजों को 6 महीना के लिए गोद लिया। जिसमें मरीज को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही सभी मरीजों को चावल, आलू, अंडा, दाल आदि वितरण किए। वितरण समारोह में हजारों गरीबों के बीच कंबल का वितरण भी किया। हजारों की संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच और मुफ्त दवा भी प्राप्त किया।स्वास्थ्य जांच में जहां पाकुड़ रोड स्थित धुलियान के लिए दी ओटु हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा जांच शिविर का आयोजन करवाया गया वही मुफ्त दवा भी दी गई।उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से यक्ष्मा विभाग के डॉक्टर और कर्मी भी उपस्थित रहे और इसकी घोषणा की तथा शिविर में ही सूखा राशन उपलब्ध कराएं। प्रधानमंत्री यक्ष्मा मुक्त भारत के अलावे भी जनभागीदारी के द्वारा यक्ष्मा को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि केंद्र सरकार का अभियान के अलावे भी मरीजों को सहयोग मिलता रहे। कार्यक्रम में पत्थर व्यवसायी लुत्फुल हक के अलावे बतौर मुख्य अतिथि हिरणपुर थाना प्रभारी अमर कुमार मींज, हिरणपुर प्रखंड प्रमुख रानी सोरेन, सितपहाडी के मुखिया वकील मरांडी, पूर्व मुखिया रोबिन टूडू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कालाजार की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य केंद्र में कार्यशाला का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में मंगलवार को कालाजार की रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय प्रशासनिक सेवा के परीक्षयमान अपर समाहर्ता सनी राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा एवं एसीएमओ डॉक्टर ए एम सोरेन मौजूद थे। कालाजार की रोकथाम के लिए एसीएमओ ने उपस्थित लोगों को कई तरह की जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के पाकुड़ तथा दुमका जिला ही कालाजार से प्रभावित है। दुमका जिले के 54 गांव कालाजार से प्रभावित है जिनमें से वर्तमान में 15 लोगों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कालाजार बीमारी की रोकथाम के लिए कहा कि अपने आस पड़ोस में सबसे पहले सफाई का ध्यान रखें नाली को हमेशा साफ रखें मच्छर से बचें इसके बाद अगर कोई कालाजार का मरीज पाया जाता है तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित अस्पताल को दें कालाजार प्रभावित गांव में शिविर का आयोजन कर सभी लोगों की जांच करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने बताया कि जुलाई से लेकर सितंबर तक कालाजार बीमारी होने का खतरा सबसे अधिक रहता है। जबकी बीमारी का पता नवंबर दिसंबर में लोगों को चल पाता है। उन्होंने स्वास्थ्य सहिया एमपीडब्ल्यू ग्रामीण चिकित्सक के साथ-साथ कार्यशाला में उपस्थित लोगों से कहा कि जिले से कालाजार को जड़ से खत्म करना है इसके लिए सभी लोगों को मिशन मोड में काम करना होगा बता दें कि 8 सितंबर को जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के द्वारा भी कालाजार की रोकथाम के लिए बैठक कर संबंधित कर्मियों को कई सुझाव दिए गए थे मौके पर सहिया एएनएम एमपीडब्ल्यू तथा ग्रामीण चिकित्सक के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे ।

आर टी आई की जानकारी नहीं मिलने पर आमरण अनशन पर बैठा आवेदक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत शिक्षा विभाग द्वारा 3 महीने के बाद भी सूचना नहीं दिए जाने के खिलाफ रामगढ़ प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र मोहली मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र में आमरण अनशन पर बैठ गए। अनशन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लगभग 10:30 बजे शुरू हुआ था हालांकि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनशन स्थल पर पहुंचकर सुरेंद्र मोहली को वांछित सूचना दी गई जिसके बाद सुरेंद्र मोहली में अपना अनशन समाप्त कर दिया। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डुमरिया के सचिव सोहन कुमार सिंह ने बीईईओ की मौजूदगी में जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। लतबेरवा पंचायत निवासी सुरेंद्र मोहली ने 25 अगस्त को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत रामगढ़ प्रखंड के तीन पंचायत लतबेरवा,बरमसिया एवं भातुडिया ए. मे अवस्थित सभी विद्यालयों में कोरोना काल में सरकार द्वारा भेजे गए कुकिंग कोस्ट के छात्रों के बीच वितरण संबंधित सूचना मांगी थी सुरेंद्र मोहली के अनुसार उक्त सूचना उन्हें 28 नवंबर तक उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद उन्हें आमरण अनशन पर बैठना पड़ा इस संबंध में सुरेंद्र मोहली ने बताया कि विभाग अपनी गलती को छुपाने के लिए सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से नहीं लेता है जिसके कारण सरकारी कार्यों के संचालन में पारदर्शिता नहीं देखी जाती है।

संक्षिप्त समाचार

गंगाजल वितरण कर कर रहे हैं भक्तों की सेवा

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। हर हर महादेव सेवा समिति के संरक्षक सह अध्यक्ष प्रमोद कुमार राउत के नेतृत्व में समिति के उपाध्यक्ष राकेश कुमार महतो, उप सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने धर्मस्थान मंदिर परिसर में निशुल्क गंगाजल का वितरण किया। यहां बता दें कि समिति के द्वारा हर सोमवार को भक्तों के बीच विभिन्न शिवालयों में निशुल्क गंगाजल का वितरण किया जाता है।

बीडीओ ने किया मनरेगा के रोजगार सेवको का स्थानांतरण

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। रानीश्वर प्रखंड कार्यालय के पत्रांक 1416 दिनांक 28-11-2022 द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने मनरेगा के बारह रोजगार सेवकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है।ज्ञात हो कि यहा के 17 ग्राम पंचायतों में पांच रोजगार सेवक सुनील हांसदा ,मुनिलाल मुर्मू सूर्योधन टुडू ,गोबिंद माझी एवं जगबंधु मंडल को दो-दो पंचायतों का प्रभार दिया गया हैं।शेष सात रोजगार सेवकों को एक-एक पंचायत का प्रभार दिया गया हैं।मनरेगा योजना शुरू होने के समय से ही यहां गृह प्रखंड में पदस्थापित रोजगार सेवक लगातार कार्यरत हैं ।स्थानांतरित रोजगार सेवक पूर्व में उसी पंचायत में पदस्थापित थे जिस पंचायत में उन रोजगार सेवकों को स्थानांतरित किया गया हैं।

एम जी कॉलेज में क्रीड़ा समिति की बैठक आयोजित

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर में मंगलवार को प्राचार्य डॉ अब्दुल रईस खान की अध्यक्षता मे क्रीड़ा समिति की बैठक आयोजित की गयी।बैठक में सर्व सम्मती से निर्णय लिया गया कि वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2022-23का आयोजन यथा शीघ्र कराया जायेगा।साथ ही क्रीड़ा समिति के नए शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी सदस्यों काजल भट्टाचार्य, श्री काजी गुलाम मुस्त×फा, प्रेम मुर्मू, कल्याण पाल तथा प्रोफेसर काजल मंडल को शामिल किया गया।इसकी प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु पी टी आई चन्दन घोष को अधिकृत किया गया। साथ ही इनके सहयोग हेतु काजी गुलाम मुस्तफा को निर्देश दिया गया।इसके साथ ही वॉलीबाल,फुटबॉल एवं क्रिकेट की की प्रतियोगिता का आयोजन कराने का आदेश प्राचार्य के द्वारा इस समिति को दिया गया। इसी के साथ 23 जनवरी 2023 को कैंसर योद्धाओं की मदद राशि के लिए फुटबॉल आदि खेल का आयोजन के सम्बन्ध मे दिसंबर माह के अंत तक एक बैठक कर बिभिन्न समितियों का गठन करने का निर्णय सर्वसम्मती से लिया गया।इस अवसर पर क्रीड़ा समिति अध्यक्ष प्रोफेसर माजिद नदीम अहसन, क्रीड़ा समिति उपाध्यक्ष डॉ रूपम कुमारी, साथ ही सभी सदस्य उपस्थित थे।

दो बाईक के बीच हुई जोरदार टक्कर, चार लोग गंभीर रुप से हुए घायल

डुमरी/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। मधुबन थाना क्षेत्र के चैनपुर के समीप डुमरी-गिरिडीह पथ पर मंगलवार कि शाम दो बाईक के बीच हुई टक्कर में एक बाईक में सवार चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए चारों को रेफरल अस्पताल डुमरी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया. धटना के सबंध में बताया जाता है कि खुखरा थाना क्षेत्र के बरडीहा निवासी सहादत अंसारी अपने पुत्र जीशान अंसारी 12 बर्ष, पुत्री रुकसाना खातुन 17 वर्ष और अपने साला कि बेटी नसेबुन निशा 7 वर्ष को अपने बाईक में बैठा कर डुमरी थाना क्षेत्र के पटरियाटांड जा रहा था इसी क्रम में डुमरी से गिरिडीह की ओर जा रही बाईक ने सहादत कि बाईक को टक्कर मार कर भाग निकला इस दुर्धटना में उक्त बाईक में सवार सभी गंभीर रुप से धायल हो गये।

5 सूत्री मांगों को लेकर सामाजिक अंकेक्षण स्त्रोत व्यक्ति संघ ने दिया धरना

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। समाहरणालय के सामने मंगलवार को सामाजिक अंकेक्षण स्त्रोत व्यक्ति संघ ने एक दिवसीय धरना दिया। संघ के जिलाध्यक्ष रेजिना मुर्मू ने बताया कि हम लोग 2016 से सामाजिक अंकेक्षण कार्य करते आ रहे हैं परंतु अब तक हम स्त्रोत व्यक्तियों के साथ झारखंड सरकार के द्वारा नीति संगत व्यवहार नहीं किया गया है।जिसके लिए हम दुमका जिला के साथ साथ सभी जिलों के स्त्रोत व्यक्तियों के द्वारा अपने अपने जिले में धरना के पश्चात 5 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जा रहा है।

पांच सूत्री मांग मे सामाजिक अंकेक्षण कार्य कर चुके बीआरपी मजदूर मंच एवं मनरेगा सहयोगी दल का पिछले 2 वर्षों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द किया जाए । सामाजिक अंकेक्षण कार्य 15 दिनों के अंदर शुरू करते हुए सभी तरह के कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित किया जाए। बीआरपी की जगह पूर्णकालीक करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए एवं सभी कर्मी एवं मजदूर मंच एवं सहयोगी दल को नियमित कार्य उपलब्ध करते हुए मानदेय 550 से प्रतिदिन की जगह मासिक मानदेव एवं निर्धारित यात्रा भत्ता दिया जाए। लेखा परीक्षा 2011 नियमावली के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण इकाई को स्वतंत्र इकाई के रूप में निबंधित कर सभी स्त्रोत व्यक्तियों को समायोजित कर सुरक्षा बीमा पॉलिसी एवं उनके लिए नीति बनाई जाए। मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा सत्यापित एवं ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित मुद्दे पर ससमय उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।धरना के पश्चात 5 सूत्री मांगों का मांग पत्र दुमका उपायुक्त सौंपा। मौके पर संघ के सचिव दिपेश राउत, कोषाध्यक्ष प्रमोद भंडारी, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव, मीडिया प्रभारी मनीष पोद्दार,परिमल पाल, मनीष कुमार, मुन्ना कुमार मांझी, त्रिलोकी नाथ पांड, मारिया तरेशा मुर्मू, सुहागनी कुमारी, पल्लवी कुमारी, बसंत कुमार राय, मुकेश कुमार गुप्ता, कमल मिस्त्री, आशीष कुमार आदि कर्मी मौजूद थे।

संविधान सप्ताह के तहत विभिन्न तरह के प्रतियोगिता का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से संविधान सप्ताह के तहत कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय दुमका कौरेया के छात्राओं के बीच पेंटिंग, निबंध एवं क्वीज का आयोजन किया गया। क्वीज में क्लास 11वीं छात्राएं प्रथम, क्लास नौवीं की छात्राएं द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आठवी की छात्राओं ने हिस्सा लिया। पेटिंग प्रतियोगिता में प्रथम निशा सोरेन, द्वितीय स्थान सेरबा खातून एवं तृतीय स्थान पाकुली हांसदा ने प्राप्त किया। निबंध लेखन में प्रथम स्थान ज्योति मरांडी, द्वितीय स्थान खुशी कुमारी, तृतीय स्थान पुतूल मुर्मू ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं से संविधान के प्रति जानकारी हासिल करने की सलाह दी ताकि स्वयं और समाज को जागरुक कर सके। इस कार्यक्रम में एसपी लाँ कॉलेज के छात्र दशरथ महतो, दिव्या किरण, मुम्महद अंसारी, जुली हेमंतिका टुडू और स्थायी लोक अदालत की सदस्य काजल कुमारी सहित स्कूल शिक्षिका और छात्राएं उपस्थित थे। दुमका सम्प्रेक्षण गृह संसीमित किये गये बच्चों के बीच भी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लाल बहादुर शास्त्री स्मारक मध्य विद्यालय में छात्र छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाइस कार्यक्रम में डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता किरण तिवारी, प्रदीप कुमार सिंह ने छात्रों को जागरुक किया।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मजदूर बुरी तरह हुआ घायल

- **कराया अस्पताल में भर्ती, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित**

मधुपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। थाना क्षेत्र के मीना बाजार रोड के गांधी मैदान के पास बीते शाम को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मजदूर बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों द्वारा मधुपुर थाना को सूचना दी गई। सुचना मिलते ही मौके पर मधुपुर पुलिस पहुंची और घायल मजदूर को इलाज के लिए मधुपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक घायल मजदूर की पहचान 60 वर्षीय मंटू रजवार पनाहकोला निवासी के रूप में किया गया। मृतक के परिजन ने बताया कि मंटू रजवार मजदूरी करके अपने घर वापस आ रहे थे तभी मीना बाजार गांधी मैदान के पास अज्ञात वाहन ने धक्का मार दियाा, जिससे वह बुरी तरह गंभीर हो गया। पुलिस द्वारा मधुपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए देवघर भेज दिया गया।वहीं पुलिस इस मामले को लेकर छानबीन कर रही है!

कालाजार खोज अभियान को लेकर समीक्षात्मक बैठक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर में चिकित्सा पदाधिकारी विश्वनाथ मण्डी की अध्यक्षता में आगामी विशेष कालाजार खोज अभियान को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक रखी गई। जिसमें प्रखंड के सभी ग्रामों में माइक्रो प्लान के अनुसार 1 दिन में कुल 35 से 40 घरों में सहिया दीदी और सेविका दीदी के द्वारा घर घर जाकर संभावित वी एल/पी के डी एल मरीजों का खोज किया जाना है एवं प्रखंड मुख्यालय में पूर्ण रूप से उपचार के लिए सुनिश्चितता भी करनी है। इस अभियान के तहत मुख्य रूप से कालाजार फाइलेरिया मलेरिया टीवी और लेप्रोसी आदि रोगों की खोज किया जाना है।अभियान का अवलोकन करने के लिए प्रखंड स्तरीय टीम के द्वारा निरीक्षण किया जाएगा और परीक्षकों से क्रोस बोर्डर क्षेत्रों से सटे ग्रामों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया।परीक्षकों को इसे गंभीरता से लेने को कहा गया। बैठक में बी ए एम बिनोद पांडे,बी डी एम प्रदीप कुमार, केटीएस प्रेमतोष बस्की, एएनएम अलफोंसा टुडू,बिनीता मुर्मू,एम पी डब्लू राजेंद्र हेंब्रम, रवि मरांडी, अशोक कुमार दास, मस्तान मुर्मू, आशीष पंजियारा आदि शामिल हुए।

देवघर जिला टेनिस टूर्नामेंट का हुआ समापन

सोनारायठाड़ी/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। सोनारायठाड़ी प्रखंड के बसबुटिया मैदान मे आज देवघर जिला टेनिस टूर्नामेंट का हुआ समापन। जिसमें छः स्कूलों ने भाग लिया। सोनारायठाडी, मगडिहा, नन्हीडीह, मधुबन,तिलकपुर औरफाइनल मुकाबला आदर्श बाल विकास विद्यालय और तिलकपुर के बीच खेल गया। जिसमें आदर्श बाल विकास विद्यालय ने तिलकपुर हाई स्कूल को 15 रन से मात देकर आदर्श बाल विकास विद्यालय प्रखंड स्तर पर विजेता बनी। जिला के लिए दोनो टीमों को चयन किया गया है।स्कूलों के कुछ खिलाडियों को भी अच्छे खेल के लिए जिला के लिए चयन किया गया है।आज के खेल का मुख्य अतिथि के रूप में सॉफ्ट बॉल क्रिकेट देवघर जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सनातन, खेल प्रभारी संजीव कुमार झा,ने फीता काटकर खेल का शुभारंभ करते हुए सभी खिलाडियों को खेल के प्रति जागरूक किया। खेल क्षेत्र में अपना नाम करने के लिए बहुत बहुत बधाई दी और विजेता और उप विजेता टीम को बधाई दी। सफ़ल आयोजन में अहम योगदान देने वाले देवघर जिला सॉफ्ट बॉल क्रिकेट कप्तान राजकूमार प्रिस, मुख्य निर्णायक भूमिका में घनश्याम राणा, संतोष शर्मा , महिमा माही का बहुत महत्व रहा।साथी ही मगडिहा के सभी लड़कों ने बहुत खेल में सहयोग कर साथ दिया।

छह महीने से खराब जलमीनार की मरम्मत होने से ग्रामीणों में हर्ष

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। कल्याण विभाग द्वारा दिगुली पहाड़ियां टोला में निर्मित जल मीनार तकरीबन 6 महीने से खराब पड़ा हुआ था।जलमीनार की मरम्मत हेतु ग्रामीणों द्वारा जिला परिषद सदस्य विमान सिंह को आवेदन दिया गया थोश्री सिंह ने संज्ञान लेते हुए जल मीनार ठीक करने का आश्वासन दिया था।ग्रामीणों ने बताया कि जिप सदस्य बिमान सिंह के प्रयास से मंगलवार को जल मीनार ठीक हो गया है।जलमीनार ठीक होने से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए जिला परिषद सदस्य को बधाई दी हैं ग्रामीण बाबू पाहाड़िया ने कहा कि जल मीनार खराब होने से पूरे पहाड़िया टोला में पानी की दिक्कत हो गयी थी ।

शाखाओं मे लम्बित ऋण आवेदनो का निष्पादन त्वरित रूप से करें: डी डी सी

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति तथा जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला अग्रणी बैंक दुमका ने क्षेत्रवार प्राथमिकता प्राप्त ऋण, वार्षिक सभी योजना की उपलब्धि, सीओ रेशियो आदि से संबंधित डेटा प्रस्तुत किया।

जिले में वार्षिक समव योजना की उपलब्धि 61.07%, कृषि क्षेत्र में 42.12% तथा एम एस एम ई 73.59% रही। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि शाखाओं मे लम्बित ऋण आवेदनो का निष्पादन त्वरित रूप से करें। पीएमइजीपी के क्षेत्र में उन्होने अपना असंतोष प्रकट किया।

उपायुक्त के निर्देशानुसार सभी ग्रामीण शाखाओं को कम से कम एक दिवसीय साक्षरता कैंप का आयोजन करना था। एक वित्तीय साक्षरता कैम्पर्क सम्बन्धित रपोर्ट अभी तक अप्राप्त है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्रो में पीऐम सुनिधी,ए आई एफ,पी एम एफ एम इ आदि पर चर्चा की गई। दुमका जिले का अप्रयोज्य अस्ति एन पी ए 142.87 करोड़ से घटकर 128.43 करोड़ रहीं। अभी भी क्षेत्र में और कैंप करना है उप विकास आयुक्त ने बैंको को 10 दिसंबर तक जे के आर एम वाई के छटे किसानो का ब्योरा पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। पी एम ई जी पी के ऋण आवेदनों को 30 दिसंबर तक निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया।बाँस उद्योग के क्षेत्र में उन्होंने प्रशिक्षणार्थियो के उत्साहवर्धक हेतु स्वार्ड पेन्ड देने की बातें कही। अंत में उप विकास आयुक्त ने भारतीय स्टेट बैंक की उपलब्धियो को अंसतोषजनक कहते हुए अपेक्षित सुधार का निर्देश दिया।

अतुल गंगा की टीम ने साहिबगंज में लिया गंगा जल का सैम्पल

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

साहिबगंज। अतुल गंगा की टीम ने मंगलवार की सुबह 7 बजे शहर के ओझा टोली घाट से गंगा जल का सैम्पल कलेक्ट किया। सेवानिवृत्त मेजर जनरल विनोद भट्ट और कमांडर प्रदीप डबराल अपने टेक्निकल असिस्टेंट अंशु और प्रवीण के साथ घाट पहुंचे थे। टीम ने यहां गंगा में डीओबी मीटर से गंगा जल में ऑक्सीजन की जांच की। यहां डीएफओ मनीष तिवारी व भू-वैज्ञानिक डॉ रणजीत सिंह ने अतुल्य गंगा टीम को साहिबगंज में गंगा की स्थित, लोगों में जागरूकता व इसके लिए किए जा रहे प्रशासनिक प्रयास से अवगत कराया। सेवानिवृत मेजर जनरल विनोद भट्ट ने बताया कि यहां का डीओबी 230 है। उन्होंने बताया कि अन्य जगहों की बनिस्बत यहां गंगा स्वच्छ है। ऋषि गंगा से चल कर 2600 किलोमीटर की दूरी बाय रोड तय करते हुए सोमवार को साहिबगंज पहुंचे। अतुल्य गंगा प्रदूषण मैपिंग के तहत अगले 10 साल पूरी गंगा की वाटर सेंपलिंग हर साल कर रही है। टीम ने पिछले साल की रिपोर्ट जल शक्ति मिनिस्ट्री और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को सबमिट कर चुकी है। अतुल्य चाहती है कि अभियान एक जन आंदोलन में बदले और गवर्नमेंट की स्कीम जमीन पर उतर सके। अतुल गंगा एक एक्स सर्विसमैन का एनजीओ है। जिसने ऋषिकेश से साहिबगंज तक 41 वॉटर सैंपल कलेक्ट किए हैं। जल्द ही रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाएगी। मौके पर डॉ रणजीत सिंह, राजू अंसारी सहित अन्य मौजूद थे। डॉ रणजीत कुमार सिंह को गंगा सेंपलिंग के किट भी दिया गया है।जो कॉलेज के छात्रों के साथ गंगा के वॉटर पोल्युएशन मैपिंग करेगें और टेस्टिग सीखेंगे।

संक्षिप्त समाचार

पत्थर खदान में काम करने वाले मजदूर ने मुंह में डायनामाइट रख खुद को उड़ाया

लातेहार/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। लातेहार जिला अंतर्गत गारू थाना क्षेत्र के कोरवा टोली गांव में डायनामाइट के विस्फोट से एक युवक की मौत हो गई। कुछ लोगों का कहना है कि उसने मुंह में डायनामाइट रखकर खुद को जानबूझकर उड़ा लिया, जबकि युवक के घर के लोग इसे हादसा बता रहे हैं। मृतक का नाम चलित्तर सिंह है।वह मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु गांव का रहने वाला था।वह पिछले दो-तीन हफ्तों से कोरवा टोली में अपनी ससुराल में रह रहा था। मृतक चलित्तर सिंह पत्थर खदान में मजदूरी करता था और वह संभवतः वहीं से डायनामाइट लेकर आया था। बताया जा रहा है कि पत्नी और ससुराल के लोगों से विवाद के बाद उसने मुंह में डायनामाइट रखा और मोबाइल की बैटरी के जरिए विस्फोट कर लिया।मृतक की सास रामकली देवी का कहना है कि वह पिछले कुछ दिनों से अजीबोगरीब हरकत कर रहा था. उन्होंने कहा कि उसने सोमवार को अपने बैग से कुछ निकालकर मुंह में रखा। मृतक की सास के अनुसार वो लोग कुछ समझ पाते, इसके पहले जोरदार धमाका हुआ और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की लाश बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आईपीएच नामकुम, रांची में दिनांक 28 व 29 नवंबर तक दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें देवघर, साहेबगंज, धनबाद, बोकारो, रामगढ़ और गुमला जिले के सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एक एक प्रयोगशाला प्रावैधिक ने हिस्सा लिया! देवघर सदर अस्पताल से मनोज कुमार मिश्र, जसीडीह से विनय कुमार, देवीपूर से चन्द्रमोहन कुमार, मधुपुर से विनय कुमार, करौं से मंतोष कुमार मिर्धा, पालोजोरी से अजय कुमार यादव, सारठ से बुद्धि नाथ झा, शहरी स्वास्थ्य केन्द्र से राहुल कुमार ने भाग लिया! प्रशिक्षण में फाइलेरिया तथा मलेरिया के जांच के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई! प्रशिक्षण में राज्य मलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार, मलेरिया सेल के बिपिन कुमार, प्रशिक्षक जगन्नाथ महतो सहित आईसीएमआर के प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा!

उत्क्रमित उच्च विद्यालय पंदनिया में महिला हिंसा को लेकर हुआ गोष्ठी का आयेजन

मधुपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। स्वयंसेवी संस्था प्रेरणा भारती,मधुपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा के तहत मंगलवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय पंदनिया में 'महिला हिंसा व सुरक्षित पलायन को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी में पर विषय प्रवेश कराते हुए गर्ल फर्स्ट फंड की समन्वयक नेहा कुमारी ने कहा कि महिला और पुरुष समाज व परिवार के दो अनिवार्य कारक हैं। दोनों के समान अधिकार हैं। लेकिन आज भी समाज में लिंग भेद के कारण महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है जो न केवल अनैतिक बल्कि कानून की नजरों में भी अपराध है। समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में बाधक है।गोष्ठी में कहा गया कि संविधान में महिला और पुरुष को बराबरी का दर्जा दिया है इसलिए लिंग के आधार पर भेद-भाव या शारीरिक,आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना हिंसा तथा कानून की नजरों में अपराध की श्रेणी में आते हैं।इसके अलावा कार्यक्रम समन्वयक व रिबिका मुर्मू ने पोस्टरों के माध्यम से विद्यालय की किशोरी छात्राओं को घरेलू महिला हिंसा,कार्यस्थल पर यौन हिंसा,महिला ट्रैफिकिंग,महिलाओं के संवैधानिक अधिकार व सुरक्षित पलायन से संबंधित सविस्तार जानकारी प्रदान की मौके पर बताया गया कि संस्था द्वारा 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाले महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा के तहत मधुपुर व मारगोमुंडा के विभिन्न पंचायतों में गोष्ठी,परिचर्चा, रैली व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से महिलाओं और किशोरियों को महिला हिंसा के खिलाफ जागरूक किया जाएगा।इस अवसर पर विद्यालय के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं व दर्जनों किशोरी छात्राएं व छात्र उपस्थित थे!

नालन्दा (बिहार) में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का भव्य और शानदार आयोजन

झारखंड देखो(प्रतिनिधि)।

पटना/बिहार। एडुकेशनल डवलपमेंट काउन्सिल,पटना और महाबोधी कालेज,नालन्दा के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञान की धरती नालन्दा में इंटरनेशनल कनफेरेन्स का भव्य आयोजन किया गया। इमरजिंग स्किल्स एंड टेकनोलोजिज फोर टिचिंग एंड लरनिंग विषयक दो दिवसीय 26-27 नवम्बर 2022 इस कनफेरेन्स में उपस्थित देश-विदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यलयों के विद्वानों ने अपने विचार रखें और शिक्षण और अध्ययन के क्षेत्र में उभरते कौशल और प्राद्योगिकी की महत्ता और उपयोगिता को रेखांकित किया। इस इंटरनेशनल कनफेरेन्स का उद्घाटन श्रवण कुमार,मंत्री,ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार और नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मंच पर उपस्थित आमंत्रित सदस्यों को शाल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया । मौके पर प्रकाशित सोवेनिर का भी उन्होंने विमोचन किया जिसमें शोध पत्रों के अंग्रेजी में 83 और हिन्दी में 40 सारांश प्रकाशित हैं। सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मनुष्य के जीवन में पानी और भोजन की जैसी महती आवश्यकता है उसी तरह से उसे कंप्यूटर का ज्ञान भी होना आवश्यक है। उन्होंने अपने सारगर्भित सम्बोधन में यह स्पष्ट किया कि वर्तमान युग तकनीकी ज्ञान का युग है।इसलिए तकनीकी ज्ञान के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती । उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि हर जगह टेकनोलोजी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है इसलिए तकनीकी ज्ञान के बिना किसी प्रकार का विकास संभव नहीं है । मंत्री महोदय ने कहा कि इस तकनीकी युग में जो विभिन्न प्रकार की तकनीकियों से अनभिज्ञ हैं वे विकास के मार्ग पर पिछड़ जायेंगें। उन्होंने सम्मेलन के आयोजन की सफलता की कामना की और इसके चेयरमैन,सचिव व आयोजन समिति के सदस्यों आदि को कथित विषय पर इंटरनेशलन सम्मेलन आयोजित करने के लिए घन्यवाद दिया। उन्होंने सभागार मे उपस्थित प्रतिनिधियों को भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया और दो दिवसीय सम्मेलन में इसके विषय पर उनसे सकारात्मक विचार-विमर्श किये जाने की उम्मीद जतायी। मौके पर नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने सम्मेलन के मुख्य थीम पर अपने विचार रखे और तकनीक और कौशल विषयों पर आयोजित इस इंटरनेशनल सम्मेलन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंन देश-विदेश से अपने शोध पत्र लेकर सम्मेलन में पहुंचे प्रतिनिधियों की प्रशंसा की और कहा कि इन शोध पत्रों की प्रस्तुति नालंदा जिले के विद्वानो और धात्र-छात्राओं के लिए ही नहीं बल्कि इसके आम नागरिकों के लिए भी एक सुनहरा अवसर है। इस अवसर पर लघु जल संसाधन विभाग,बिहार सरकार के मंत्री ने कहा कि आज की दुनिया डिजिटल दुनिया है और इस डिजिटल दुनिया में कंप्यूटर की महत्ता काफी बढ़ गई है। इसलिए छात्र-छात्राओं के लिए कंप्यूटर का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी और गैर सरकारी सेवाओं में कंप्यूटर और तकनीकी ज्ञान के बिना काम चलने वाला नहीं है।इसिलए मंत्री महोदय ने जोर देकर कहा कि वर्तमान दौर पूरी तरह से कौशल और तकनिकियों का युग है।सम्मेलन में महोबोधी कालेज के प्रिंसिपल डा अरविंद कुमार नें आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया और और प्रतिनिधियों को इसमें शामिल होने और अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्मेलन में 150 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किये गये जबकि की-नोट एडरेस प्रोफेसर बिजू कुमार थपलिया,डीन,पूर्वांचल विवि.,बिराटनगर,नेपाल ने दिया और अपने विस्तृत व्याख्यान में सम्मेलन के थीम की व्यापक विवेचना की। समापन समारोह 27 नवम्बर के मुख्य अतिथि प्रो-वी.सी. प्रोफेसर गणेश महतो और शिक्षाविद खगेन्द्र प्रसाद ने सम्मेलन के थीम पर अपने विचार रखे और इसकी महता को रेखांकित किया। इसके पूर्व इडीसी के जनरल सेक्रेटरी प्रोफसर एस.के श्रीवास्तव ने इमरजिंग स्किल्स एंड टेकनोलोजिज फोर टिचिंग एंड लरनिंग विषयक आयाम,व्यवस्थाओं, प्रक्रियाओं आदि की बड़े ही कनविसिंग तरीके से बिन्दुवार विभिन्न तथ्यों की सुन्दर और प्रभावशाली विवेचना प्रस्तुत की और स्पष्ट किया आज के युग में सभी लोगों के लिए तेजी से विकसित कौशल और विभिन्न तकनीकियों की जानकारी होनी चाहिये। सचिव श्रीवास्तव के विद्वतापूर्ण सम्बोधन में स्मार्ट लरनिंग इनवायरमेंट, क्लाउड, आइओटी, क्वाटम कंप्यूटराईजिंग, मिक्स रियलिटी, एकेडेमिक डिपोजटरी,स्पोकन टियूटोरियल आदि विषय शामिल थे। मौके पर एडुकेशनल डवलपमेंट काउन्सिल द्वारा 53 विद्वान शिक्षकों को ग्लोबल पीस एक्सेलेन्स अवार्ड, ग्लोबल एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सेलेन्स अवार्ड, नेशनल एडुकेशन एक्सेलेन्स अवार्ड, ग्लोबल एडुकेशन पीस अवार्ड, ग्लोबल एकेडेमिक एक्सेलेन्स अवार्ड,नेशनल वीमन एमपावरमेंट अवार्ड,नेशनल रिसर्च एक्सेलेन्स अवार्ड,एडुकेशन एक्सेलेन्स अवार्ड, इडीसी फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। मनु कालेज आफ टीचर एडुकेशन,दरभंगा,बिहार के प्रिसिंपल प्रोफेसर मों. फैज अहमद ने दो दिवसीय सम्मेलन की रिपोर्ट प्रस्तुत की और इसकी उपलब्धियों का उल्लेख किया। अतिथियों का मनरोंजन करने के लिए प्रोफेसर अंजनी कुमार सुमन,प्रोफेसर धर्मवीर कुमार और प्रोफेसर कुसुमलता के निर्देशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में दर्जनों छात्र-छात्राओं के अलावा प्रोफेसर कमनलयन प्रसाद,प्रोफेसर सुग्रीव कुमार,प्रोफेसर सुधीर वर्मा,प्रोफेसर विनोद प्रासद,प्रोफेसर दीपक शर्मा,प्रोफेसर आनंद मूर्ति ,प्रोफेसर शयाम किशोर प्रसाद,प्रोफेसर अंजनी कुमार सुमन,प्रोफेसर कुसुमलता आदि ने सक्रिय योगदान किया। पाटलीपुत्र विवि.,पटना के पूर्व डीन और इडीसी के चेरयमैन प्रोफेसर डा.कमल प्रसाद बौद्धा ने सम्मेलन में आमंत्रित और उपस्थित प्रतिनिधियों ,छात्र-छात्राओं,शिक्षको और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति अपना आभार प्रकट किया और कहा कि इन सभी लोगों के सहयोग से सम्मेलन का सफल आयोजन सफल हो सका और झारखंड देखो को सम्मेलन के प्रोसिडिंग्स के प्रकाशित किये जाने की योजना की जानकारी दी।

झारखंड में शराब की कम बिक्री ने बढ़ाई सीएम सोरेन की चिंता, अफसरों को लगाई फटकार

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

रांची। झारखंड में शराब की कम बिक्री से सरकार के खजाने की सेहत प्रभावित हो रही है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में नवंबर महीने तक शराब की बिक्री से 1600 करोड़ रुपए राजस्व लाने का लक्ष्य तय किया था, लेकिन मात्र 1084 करोड़ रुपए ही सरकारी खजाने में आ सका। राजस्व में कमी आने पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चिंतित हैं।उन्होंने विभागीय अफसरों और राज्य में शराब बिक्री के लिए जिम्मेदार एजेंसी को फटकार लगाई है।झारखंड सरकार ने राज्य में शराब बिक्री से राजस्व वृद्धि के लिए इसी साल छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड को कंसल्टेंट बहाल किया था। कॉरपोरेशन की सलाह पर बनी पॉलिसी के तहत राज्य भर में शराब बिक्री का जिम्मा सरकार ने खुद लेते हुए मैनपावर एजेंसियां बहाल की हैं। राज्य भर में शराब की लाइसेंसी दुकानों का संचालन इन्हीं एजेंसियों के जरिए किया जा रहा है। नई पॉलिसी लागू होने के बाद राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा के दौरान आंकड़ा सामने आया कि नवंबर महीने तक लक्ष्य का मात्र 68 प्रतिशत राजस्व ही हासिल हो पाया है।उन्होंने एजेंसियों और विभाग के अफसरों को वित्त वर्ष के बाकी चार महीनों में शराब बिक्री से अनुमानित राजस्व का लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल करने का निर्देश दिया है। एजेंसियों को कहा गया है कि नवंबर महीने तक अनुमानित राजस्व में 562 करोड़ की कमी की भरपाई अगले क्वार्टर तक हर हाल में पूरा करें।

आजीविका महिला संकुल संगठन द्वारा किया गया निरीक्षण

डुमरी/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। पोरैया आजीविका महिला संकुल संगठन तथा रांगामाटी आजीविका महिला संकुल संगठन का मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग दिल्ली के निदेशक मानिकचंद्र पंडित धनबाद जिला कोर्डिनेटर सुशांत कुमार गिरिडीह से अनिल कुमार विद्यासागर के द्वारा डिटर्जेंट पाउडर एवं साबुन हैंड वास निर्माण का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बन रहे डिटर्जन पाउडर,साबुन एवं हैंडवास का बारीकी से जानकारी ली।निदेशक ने महिलाओं द्वारा उत्पादन की जा रही डिटर्जन पाउडर,साबुन,हैंडवास की सराहना करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण का सफलता अब दिखाई दे रहा है।इनके कामों को देख कर अब लगने लगा है कि हमारा भारत महिला सशक्तिकरण में आगे बढ़ रहा है।निरीक्षण के दौरान बीडीओ सोमनाथ बंकिरा एफटीसी विवेक मिश्रा बीएपी हेमन्ती देवी सीसी विवेक कुमार सिंह,जूही कुमारी यूनिट मैनेजर चन्दन कुमार सीएलएफ मैनेजर मनीष कुमार रंजन क्लस्टर लेखापाल भुवन्ती देवी सीएलएफ पदाधिकारी बसंती देवी,सावित्री देवी, चंपा देवी एवं सभी सीएलएफ सदस्या उपस्थित थीं।

मनरेगा में मची है लूट: गड़बड़ी के मामले में मोहनपुर सबसे आगे

कुआं निर्माण के रुपए अधिकारियों व बिचौलियों की मिलीभगत से हड़पने का लगाया आरोप , इंसाफ के लिए भटक रहे मजदूर

● चलिए ना साहब दिखाते हैं हकीकत कागज पर नहीं जमीन पर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

मोहनपुर। प्रखंड इलाके में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। रोजगार की गारंटी हो ना हो लेकिन भ्रष्टाचार की पूरी गारंटी है। धरातल पर काम नजर आए या नहीं पैसे की निकासी पहले कर ली जाती है।मनरेगा योजना के नाम पर लूट मची है। और लूटपाट का मामला सामने आने के बाद अधिकारी और कर्मी उस पर लीपापोती करने में जुट जाते हैं। ऐसा ही मामला घोंघा पंचायत के पुराना बागरा गांव का मामला सामने आया है। मंगलवार को महेश्वर यादव, भूषण यादव ,विनोद यादव, दिनेश यादव ,परमेश्वर यादव ,बासुकी यादव, जयकांत यादव, दुर्योधन यादव ने लिखित आवेदन देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में मजदूरों ने आरोप लगाया है कि लाभुक प्रमिला देवी से सिंचाई कूप का निर्माण लिया गया था। और गांव के मजदूरों के माध्यम से शुरू किया गया था। शुरुआती दौर में मजदूरों को कुछ राशि भुगतान किया गया और मजदूरों द्वारा कूप की खुदाई कार्य पूर्ण कर दिया गया। लेकिन मनरेगा पदाधिकारियों द्वारा बाकी राशि मजदूर का भुगतान करने का आश्वासन दिया गया । तब कूप खुदाई निर्माण पूर्ण होने के उपरांत बांधने के लिए बोल्डर डाला गया ।उसी दौरान को पूरी तरह से कुप धंस गया लेकिन अभी तक मनरेगा लाभुक एवं मनरेगा पदाधिकारियों द्वारा बनाने का प्रयास नहीं किया गया। और बगैर निर्माण किए ही बिजोलिया व मनरेगा पदाधिकारी की मिलीभगत से पैसे की निकासी कर लिया गया। जो वर्तमान में मनरेगा के पोर्टल पर देखा भी जा सकता है।

» 2019– 2020 में पूरी होनी थी योजना अब तक नहीं हुआ काम

» वर्ष 2019 20 की योजना में कूप निर्माण होना था लेकिन आज तक नहीं बनी हालांकि इसकी राशि जरूर निकासी कर ली गई।

शॉर्ट सर्किट से बीड़ी पत्ता लदे ट्रक में लगी आग, मची अफरा-तफरी

मधुपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। थाना क्षेत्र के लोपाला फेक्ट्री के पास बीड़ी पत्ता लदे एक ट्रक विधुत तार में सट जाने के बाद तार से निकली चिंगारी के कारण आग पकड़ लेने से जल कर खाक हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मधुपुर देवघर रोड के लोपाला फैक्ट्री के पास अहले सुबह बीड़ी पत्ते से लदा एक ट्रक बैक करते वक्त विधुत तार में सट गया जिस कारण आपस में विद्युत तार सटने के कारण आग की चिंगारी निकली और बीड़ी पत्ते से लदा ट्रक मैं आग पकड़ लिया। क्षणभर में आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना मधुपुर थाना एवं अग्निशमन विभाग को दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस व अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मी पहुंचे लेकिन तब तक बीड़ी पत्ते का बोरा और ट्रक दोनों जल कर खाक हो गया था। वहीं आग बुझाने में ट्रक चालक जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए देवघर भेजा गया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है!

निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी की बैठक सम्पन्न

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

डुमरी। अनुमण्डल कार्यालय सभागार में मंगलवार को निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी 33 डुमरी सह एसडीएम प्रेमलता मुर्मू की अध्यक्षता में क्षेत्र के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के सफल संचालन हेतु समीक्षा बैठक की गयी।बैठक में उपस्थित नेताओं से अपने अपने क्षेत्र के वैसे ग्रामीणों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने को कहा जो किसी कारणवश अब तक वंचित हैं साथ ही जिन युवक युवतियों की उम्र 1जनवरी 2023 तक 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है उनका भी नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की ताकि मतदान के समय वे अपने मतों का प्रयोग कर सके।एसडीएम ने बैठक में उपस्थित नेताओं से बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) भी बनाने को कहा ताकि वह अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ सामंजस्य स्थापित कर अधिक से अधिक लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सके।एसडीएम ने बताया कि इस समय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का काम चल रहा है।इसमें राजनीतिक दलों का क्या दायित्व है,क्या रोल रहेगा, बैठक के माध्यम से बताया गया।1जनवरी 2023 को कट ऑफ तिथि मानते हुए ऐसे मतदाता जिनका एक अक्टूबर 2005 का जन्म हुआ है,उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम चल रहा है।बताया कि 2-12- 2022 को सभी रैन बसेरा,आश्रम गृहों,आवासीय पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में निबंधन अभियान,तीन दिसंबर को दिव्यांगजनों का मतदाता सूची में निबंधन अभियान,04 दिसंबर को 80+ आयुवर्ग के लोगों कामतदाता सूची में निबंधन हेतु अभियान,05 और 06 दिसंबर को थर्ड जेंडर का मतदाता सूची में निबंधन हेतु अभियान चलाया जाएगा साथ ही 05 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।इस दौरान भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल झामुमो नेता बरकत अली व राजकुमार पांडेय आजसू नेता काशी महतो कांग्रेस नेता सुखदेव सेठ जदयू नेता महाबीर सिंह कार्यालय कर्मी विकास सिन्हा,छोटू पाठक आदि उपस्थित थे।

कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमुआ। प्रखंड के राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय जमुआ कानूनी साक्षरता क्लब में मंगलवार को झालसा, रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में संविधान दिवस सप्ताह के अवसर पर ×कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन फ्रांसिस्का बास्के की उपस्थिति में किया गया।प्रखंड विधिक सहायता केंद्र जमुआ के पीएलवी सुबोध कुमार साव ने उपस्थित बच्चों को संविधान के संबंध में विस्तृत देते हुए कहा संविधान, किसी भी देश का मौलिक कानून है जो सरकार के विभिन्न अंगों की रूपरेखा और मुख्य कार्य का निर्धारण करता है। साथ ही यह सरकार और देश के नागरिकों के बीच संबंध भी स्थापित करता है। पीएलवी हीरा देवी ने कहा कि भारतीय संविधान का निर्माण एक विशेष संविधान सभा के द्वारा किया गया है, और इस संविधान की अधिकांश बातें लिखित रूप में है।पीएलवी महेन्द्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि संविधान के तहत ही देश चलता है।बच्चों को क्विजप्रतियोगिता ,सलोगन,लिखित,निबंध इत्यादी कार्यक्रम भी किया गया।सहायक शिक्षक प्रदीप कुमार,तेजनारायण प्रभाकर, अजित प्रसाद वर्मा,योगेश प्रसाद योगेश, रविन्द्र कुमार वर्मा,जितेंद्र कुमार राय,रंजीत कुमार ,सुरेंद्र हासदा, श्रीमती रजनी ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया।उक्त अवसर पर पंकज कुमार दास,अमन कुमार दास, अभिषेक कुमार तुरी, विक्रम कुमार बाउ-री, रंजीत पासवान, सूरज कुमार, आकाश कुमार,संतोष कुमार,अर्जुन भोक्ता,विक्की कुमार दास,रामदेव कुमार दास, कुन्दन कुमार दास अन्य बच्चे उपस्थित थे।

नोटबंदी पर संविधान पीठ

सर्वोच्च अदालत में पांच न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ ने नोटबंदी के भारत सरकार के फैसले में हस्तक्षेप करने और तत्संबंधी अधिसूचना को 'अवैध' करार देने से इंकार कर दिया, लेकिन नोटबंदी से जुड़े अधिकारियों की एक स्वतंत्र एजेंसी से जांच की याचिका के साथ अन्य विसंगतियों को लेकर बंबई उच्च न्यायालय जाने को कहा है। नोटबंदी में 500 और 1000 रुपए के पुराने नोट 'अवैध' घोषित किए गए थे। बाद में 500 रुपए का नया नोट बाज़ार में आया, लेकिन 1000 रुपए का नोट बिल्कुल समाप्त कर दिया गया। उसके स्थान पर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपए का जो नोट जारी किया था, आज वह भी 'अघोषित' तौर पर चलन में नहीं है। संविधान पीठ के सामने 2000 रुपए और 200 रुपए के नोटों से जुड़ी गंभीर और सवालिया विसंगतियां आई हैं। हालांकि उनमें प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से इंकार किया गया है, लेकिन

पीठ का फैसला लिखित रूप में अभी सामने आना है। इस संदर्भ में भारत सरकार के अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणि ने पक्ष रखा है कि अदालत नोटबंदी के संदर्भ में कोई आदेश नहीं दे सकती। नोटबंदी के बाद 500 और 1000 रुपए के नोट बदलने के मद्देनजर विंडो को काफी आगे बढ़ाया गया था। जो लोग इसका फायदा नहीं उठा सके, तो अब सरकार क्या कर सकती है? अलबत्ता कुछ विशेष मामलों में विचार जरूर किया जा सकता है। संविधान पीठ ने भी एक व्यवस्था बनाने पर विचार करने की बात कही है, लेकिन फिलहाल सब कुछ अपरिभाषित है। संविधान पीठ के सामने सूचना के अधिकार कार्यकर्ता मनोरंजन रॉय की याचिका के जरिए जो दूसरा पक्ष बेनकाब हुआ है, उससे रिजर्व बैंक और भारत सरकार के नोट छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के विरोधाभास खुले हैं। इस मुद्दे पर हिमाचल के नौजवान अधिवक्ता अजय मारवाह ने संविधान पीठ के सामने जिरह की है। उनका बुनियादी सवाल था कि अप्रैल 1, 2000 से 2018 के बीच रिजर्व बैंक की सालाना रपटों और सूचना के अधिकार कानून के तहत प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 500 और 1000 रुपए के नोट 14 ट्रिलियन से अधिक मूल्य के चलन में थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 8 नवंबर, 2016 को नोटबंदी की घोषणा की और 500 तथा 1000 रुपए के मुद्रा नोटों को 'अवैध' करार दे दिया गया। अटॉर्नी जनरल के मुताबिक, देश में नकली नोटों की समस्या और आतंकवाद का वित्त-पोषण रोकने के लिए नोटबंदी का कदम उठाया गया। प्रधानमंत्री ने भी ऐसे ही दावे किए थे, लेकिन बहुत जल्दी साफ हो गया कि नकली मुद्रा को ही नोटबंदी के कारण बैंकों को 'सफेद' करना पड़ा। नोटबंदी की घोषणा के मात्र तीन दिनों के अंतराल में ही रिजर्व बैंक ने 15 ट्रिलियन रुपए के नोट जमा किए। जो नोट चलन में बताए जा रहे थे, उनका मूल्य 14 ट्रिलियन से कुछ ज्यादा था और नोटबंदी के बाद 1 ट्रिलियन रुपए बैंकों में इक_ा किए गए। यह एक ट्रिलियन रुपए के नोट कहां से आए? क्या अर्थव्यवस्था में नकली मुद्रा चलन में रही है? क्या ऐसी मुद्रा इससे भी ज्यादा मूल्य की हो सकती है? ये सवाल संविधान पीठ के सामने भी उठे। जो दस्तावेज पीठ के सामने पेश किए गए हैं और रिजर्व बैंक की रपटों में भी दर्ज हैं, उनके मुताबिक नोटबंदी से कुछ माह पहले मई, 2016 में रिजर्व बैंक के सेंट्रल बोर्ड की बैठक हुई। उसके एजेंडा-16 के तहत बोर्ड ने 500 रुपए के नए नोट के डिज़ाइन, प्रारूप आदि को मंज़ूरी दी। बाद में भारत सरकार को अपनी अनुशंसा भेज दी। सूचना के अधिकार कानून के तहत जो जानकारी प्राप्त की गई है, उसके मुताबिक सरकारी प्रिंटिंग प्रेस का कहना है कि 500 रुपए के नए नोट उसने 2015 में ही छापने शुरू कर दिए थे। छपाई के बाद 345 मिलियन नोट रिजर्व बैंक को भेज भी दिए गए थे। यदि इन नोटों को 500 से गुणा करते हैं, तो राशि सामने आ जाएगी। पीठ के सामने सवाल था कि जब डिज़ाइन और प्रारूप आदि को स्वीकृति ही नहीं दी गई थी, तो 2015 में ही, नोटबंदी से करीब एक साल पहले, यह मुद्रा कैसे छाप दी गई? ऐसा ही मामला 200 और 2000 रुपए के नए नोटों का है। घपला हुआ है या संविधान से इतर भी कुछ ताकतें काम कर रही हैं, इसका खुलासा अब बंबई हाईकोर्ट में हो सकता है। यह मामला बहुत लंबा और बेहद संवेदनशील है। देशहित भी इससे जुड़ा है। हमने बड़े संक्षेप में विश्लेषण किया है। एक अंतिम न्यायिक निर्णय की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। नोटबंदी को लेकर तभी लोग अपना रुख बना सकेंगे।

> भारत सरकार के अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणि ने पक्ष रखा है कि अदालत नोटबंदी के संदर्भ में कोई आदेश नहीं दे सकती। नोटबंदी के बाद 500 और 1000 रुपए के नोट बदलने के मद्देनजर विंडो को काफी आगे बढ़ाया गया था। जो लोग इसका फायदा नहीं उठा सके, तो अब सरकार क्या कर सकती है? अलबत्ता कुछ विशेष मामलों में विचार जरूर किया जा सकता है। संविधान पीठ ने भी एक व्यवस्था बनाने पर विचार करने की बात कही है, लेकिन फिलहाल सब कुछ अपरिभाषित है। संविधान पीठ के सामने सूचना के अधिकार कार्यकर्ता मनोरंजन रॉय की याचिका के जरिए जो दूसरा पक्ष बेनकाब हुआ है, उससे रिजर्व बैंक और भारत सरकार के नोट छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के विरोधाभास खुले हैं।

कुछ अलग

एक दूसरे के हैं पूरक

भारतीय संविधान को लागू हुए 7 दशक से भी कुछ ज्यादा हो गया है। यह भा के प्रत्येक गर्व की निर्माताओं ने संविधान में जिन मूल्यों को स्थापित किया है उनके जरिये देश की शासन व्यवस्था का संचालन अच्छी तरह से हो रहा है । इन 7 दशकों में अनेक आंतरिक अशांतियां भी हुईं। बाहरी आक्रमण भी हुए। लेकिन हमने संविधान में समाहित मूल्यों के कारण इन सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर कहा कि ऐसे समय में जबकि देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, राष्ट्र को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए मौलिक कर्त्तव्यों का पालन करना नागरिकों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के इस कथन का स्वागत ही नहीं बल्कि पालन भी करना चाहिए । अगर हम अधिकारों की बात करते हैं तो कर्त्तव्यों की भी बात करनी चाहिए क्योंकि दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। लोगों को याद होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को नसीहत देते हुए कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं है । उनके इस सद्विचार का पूरी दुनिया के नेताओं ने समर्थन किया था। इसी तर्ज पर उन्होंने अमृतकाल यानी एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने के लिए अगले 25 वर्षों की यात्रा को 'कर्त्तव्य काल' मौलिक कर्त्तव्यों को पूरा करने का युग करार दिया। उन्होंने कहा 'आजादी का अमृतकाल देश के प्रति कर्त्तव्य का समय है । लोग हों या संस्थान, हमारे कर्त्तव्य हमारी पहली प्राथमिकता हैं।' भारत के मूल संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का उल्लेख तो किया गया था, लेकिन कर्त्तव्यों का कहीं वर्णन नहीं था। संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों को जोड़ने का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और भारत की एकता एवं अखंडता को बढ़ावा देना था। भारत अब अपनी आजादी की शताब्दी मनाने की ओर बढ़ रहा है । इसलिए शासन के तीनों अंगों से अपेक्षा की जानी चाहिए कि देश के आम नागरिकों की दशा सुधारने के लिए संवैधानिक मूल्यों को और सशक्त बनाया जाएगा। इन 7 दशकों में विधि के शासन का क्रियान्वयन ठीक तरीके से नहीं हो पाया है, जिसके कारण समानता का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, सभी मिलकर इस दिशा में काम करेंगे।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर कहा कि ऐसे समय में जबकि देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, राष्ट्र को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए मौलिक कर्त्तव्यों का पालन करना नागरिकों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

चीन से बढ़ा व्यापार घाटा

डा. जयंतीलाल भंडारी

> हम उम्मीद करें कि चीन से आयात घटाने तथा व्यापार असंतुलन कम किए जाने के विभिन्न प्रयासों के सार्थक परिणाम आएंगे और ऐसे में देश में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी बचाई जा सकेगी। हम उम्मीद करें कि चीन के उत्पादों की जगह स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दिए जाने से देश में कुटीर और लघु उद्योगों को पुनर्जीवित करके बड़ी संख्या में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकेंगे।

हाल ही में चीन के कस्टम विभाग की ओर से प्रकाशित भारत-चीन के द्विपक्षीय व्यापार के आंकड़ों के मुताबिक दोनों देशों के बीच जनवरी 2022 से सितंबर 2022 के बीच नौ महीनों के दौरान द्विपक्षीय कारोबार 103.63 अरब डालर का हुआ है। इस अवधि में चीन से भारत के लिए निर्यात 89.66 अरब डालर रहा है। इसमें 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, इस अवधि में भारत से चीन के लिए केवल 13.97 अरब डालर का निर्यात हुआ है और इसमें 36.4 प्रतिशत की गिरावट रही है। ऐसे में भारत का व्यापार घाटा बढक़र 75.69 अरब डालर रहा है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच पूरे वर्ष में 125 अरब डालर का द्विपक्षीय कारोबार हुआ था। बीते वर्ष चीन का भारत के लिए निर्यात 46.2 प्रतिशत बढक़र 97.52 अरब डालर रहा था, जबकि भारत से चीन के लिए निर्यात 34.2 प्रतिशत बढक़र 28.14 अरब डालर रहा था। इस अवधि में भारत का व्यापार घाटा 69.38 अरब डालर रहा था। ऐसे में स्पष्ट है कि इस वर्ष 2022 में चीन से व्यापार घाटा और व्यापार असंतुलन और बढ़ेगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि चीन से भारत में आने वाले सामान में विभिन्न उद्योगों के उत्पादन में काम आने वाले कच्चे माल, केमिकल्स, दवाइयों, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक जैसे सामानों की अधिकता है। चीन से भारत के द्वारा किए कुल आयात का एक बड़ा हिस्सा पशु या वनस्पति वसा, अयस्क, लावा और राख, खनिज ईंधन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, उर्वरक, कमाना या रंगाई के अर्क, विविध रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक, कागज और पेपरबोर्ड, कपास, कपड़े, जूते, कांच और कांच के बने पदार्थ, लोहा और इस्पात, तांबा, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण, विद्युत मशीनरी और फर्नीचर से संबंधित है। इन सामानों का चीन से आयात लगातार बढ़ा है। निःसंदेह चीन से बढ़ता व्यापार घाटा देश की बड़ी आर्थिक चुनौती है। खासतौर से एक ऐसे समय में जब डॉलर की तुलना में रुपया लुढक़ता हुआ दिखाई दे रहा है और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी बड़ी कमी आ रही है। ऐसे में हम रणनीतिक रूप से आगे बढक़र चीन से बढ़ते आयात और बढ़ते व्यापार घाटे के परिदृश्य को बहुत कुछ बदल सकते हैं। देश में अभी भी दवाई उद्योग, मोबाइल उद्योग, चिकित्सा उपकरण उद्योग, वाहन उद्योग तथा इलेक्ट्रिक जैसे कई उद्योग बहुत कुछ चीन से आयातित माल पर आधारित हैं। यद्यपि चीन के कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्षों में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। देश के कई उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। इस डगर पर तेजी से आगे बढऩा जरूरी है। उल्लेखनीय है कि अब विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) संबंधी नई अवधारणा और नई लॉजिस्टिक नीति सितंबर 2022 के प्रावधानों के उपयुक्त क्रियान्वयन से सेज में उपलब्ध संसाधनों के पूरे उपयोग से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण विनिर्माण किया जा सकेगा और चीन को निर्यात बढ़ाकर चीन से आयात भी कम किए जा सकेंगे। वस्तुतः अब सेज की नई अवधारणा के तहत सरकार के द्वारा सेज से अंतरराष्ट्रीय बाजार और राष्ट्रीय बाजार के लिए विनिर्माण करने वाले उत्पादकों को विशेष सुविधाओं से नवाजा जाएगा। सेज में खाली जमीन और निर्माण एरिया का इस्तेमाल घरेलू व निर्यात मैन्युफैक्चरिंग के लिए हो सकेगा। सेज में पूर्णकालिक पोर्टल के माध्यम से कस्टम क्लीयरेंस की सुविधा होगी व मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने के लिए जरूरी सभी प्रकार के क्लीयरेंस भी वहीं दिए जाएंगे। राज्यों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर खासकर लाजिस्टिक की सुविधा बढऩे से उत्पादन लागत कम होगी और भारतीय वस्तुएं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आसानी से मुकाबला कर सकेंगी। रेल, सडक़, बंदरगाह जैसी सुविधाओं के बड़े नेटवर्क से भारतीय लागत वैश्विक स्तर की हो जाएगी और भारत को निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। निश्चित रूप से स्थानीय बाजारों में चीनी उत्पादों को टक्कर देने और चीन से व्यापार घाटा और कम करने के लिए हमें उद्योग-कारोबार क्षेत्र की कमजोरियों को दूर करना होगा। हम देश में मेक इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाकर लोकल प्रॉडक्ट को ग्लोबल बना सकते हैं। सरकार के द्वारा स्वदेशी उत्पादों को चीनी उत्पादों से प्रतिस्पर्धी बनाने वाले सूक्ष्म आर्थिक सुधारों को लागू किया जाना होगा। भारतीय उद्योगों को चीन के मुकाबले में खड़ा करने के लिए शोध और नवाचार पर और अधिक ध्यान देना होगा। चीन से व्यापार घाटा कम करने के लिए पूरे देश में और अधिक करोड़ों लोगों के द्वारा वोकल फॉर लोकल के संकल्प को ध्यान में रखा जाना होगा। चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को जीवन का मूलमंत्र बनाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा स्वदेशी उत्पादों की खरीदी के जन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाना होगा। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2019 और 2020 में चीन से तनाव के कारण जैस-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश भर में बढ़ती हुई दिखाई दी थी। देशभर में चीनी सामान के जोरदार बहिष्कार और सरकार के द्वारा टिक टॉक सहित विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण, कई चीनी सामान पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग की प्रवृत्ति को लगातार प्रोत्साहन दिए जाने से चीन के उपभोक्ता त्योहारी बाजार सामानों की भारत में मांग में कुछ कमी जरूर दिखाई दी थी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा बार-बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने दिवाली और अन्य त्योहारों पर स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन मिलते हुए दिखाई दिया है। ऐसे में हम उम्मीद करें कि बाजार में चीन के बढ़ते हुए वर्चस्व को तोडऩे के लिए पूरे देश में और अधिक उद्यमी और कारोबारी शोध और नवाचार, नए आइडिए और सृजनात्मक तरीके व कौशल प्रशिक्षण को अपनाते हुए आयातीत चीनी वस्तुओं, चीनी कच्चे माल और चीन से संबंधित अन्य आयातित सामानों के स्थानीय विकल्प प्रस्तुत करेंगे। साथ ही सरकार की तरफ से लागू की गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के कारगर क्रियान्वयन से चीन से आयातों का प्रभुत्व कम किया जा सकेगा। हम उम्मीद करें कि चीन से आयात घटाने तथा व्यापार असंतुलन कम किए जाने के विभिन्न प्रयासों के सार्थक परिणाम आएंगे और ऐसे में देश में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी बचाई जा सकेगी। हम उम्मीद करें कि चीन के उत्पादों की जगह स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दिए जाने से देश में कुटीर और लघु उद्योगों को पुनर्जीवित करके बड़ी संख्या में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकेंगे।

लिव इन रिलेशनशिप का कड़वा सच

> महाराष्ट्र की 27 वर्षीय श्रद्धा वाकर तथा 28 वर्षीय आफताब पूनावाला का आनलाईन डेटिंग से परवान चढ़ा हुआ प्यार, आकर्षण घृणित हत्या कांड इस तरह परिवर्तित हुआ कि मानवता शर्मसार हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मुंबई के काल सैंटर में काम करने वाला यह प्रेमी युगल परिवार एवं समाज के विरोध के कारण दिल्ली के महरौली में लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगा। वर्ष 2019 से जान-पहचान तथा सहजीवन पद्धति में जीवन यापन कर रहा इस युगल के खलनायक आफताब को श्रद्धा से नफरत बहुत नफरत होने लगी थी। आफताब ड्रग एडिक्टिड था तथा उसे गांजा की सिगरेट पीने की आदत थी। 18 मई 2022 को आफताब ने गांजा पीकर श्रद्धा का गला दबा कर हत्या करके उसके शव के 35 टुकड़े कर उन्हें स्टोर करने के लिए 300 लीटर का फ्रिज खरीदा।

आनलाईन चैटिंग, फिर डेटिंग, प्यार का ढोंग, तत्पश्चात लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले, शारीरिक भोग के पागलपन में चूर आफताब ने श्रद्धा के पैंतीस टुकड़े कर मानवता की धज्जियां उड़ाई कर रख दी हैं। इतिहास में शायद इतना घृणित कार्य कभी भी नहीं हुआ होगा। इस प्यार, शारीरिक संबंध तथा हत्याकांड ने मानवता को झकझोर कर रख दिया है। महाराष्ट्र की 27 वर्षीय श्रद्धा वाकर तथा 28 वर्षीय आफताब पूनावाला का आनलाईन डेटिंग से परवान चढ़ा हुआ प्यार, आकर्षण घृणित हत्या कांड इस तरह परिवर्तित हुआ कि मानवता शर्मसार हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मुंबई के काल सैंटर में काम करने वाला यह प्रेमी युगल परिवार एवं समाज के विरोध के कारण दिल्ली के महरौली में लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगा। वर्ष 2019 से जान-पहचान तथा सहजीवन पद्धति में जीवन यापन कर रहा इस युगल के खलनायक आफताब को श्रद्धा से नफरत बहुत नफरत होने लगी थी। आफताब ड्रग एडिक्टिड था तथा उसे गांजा की सिगरेट पीने की आदत थी। 18 मई 2022 को आफताब ने गांजा पीकर श्रद्धा का गला दबा कर हत्या करके उसके शव के 35 टुकड़े कर उन्हें स्टोर करने के लिए 300 लीटर का फ्रिज खरीदा। बाद में वह कई दिनों तक धीरे-धीरे दिल्ली के छतरपुर के जंगलों में अलग-अलग जगह तक फैंकता रहा। श्रद्धा से नफरत ने उसने श्रद्धा के फोटो जला दिए। बताया जा रहा है कि आफताब ने श्रद्धा का सिर मैदानगढ़ी में लगभग एक किलोमीटर में फैले हुए तालाब में फैंक दिया था जिसे खाली करवाया जा रहा है। बहरहाल मामले में आफताब आमीन पूनावाला को 12 नवंबर को पुलिस ने गिरफ्तार कर 10 दिन के रिमांड के बाद अदालत द्वारा चार दिन का समय बढ़ा दिया है तथा उसे उसके बयानों के अनुसार विभिन्न स्थानों पर ले जाकर जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा आफताब के नार्को टेस्ट तथा पालीग्राफ टैस्ट की भी अनुमति ली गई है। देश के इस चर्चित जघन्य हत्याकांड में पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है तथा इस मामले में नित नवीन जानकारियां प्राप्त हो रही हैं। इस बारे सच क्या है यह तो अभी गहन जांच का विषय है लेकिन इतना ज़रूर है कि 2019 से लिव इन रिलेशनशिप के साये में चल रहा यह प्रेम प्रसंग जघन्य हत्याकांड में परिवर्तित होकर दरिंदगी तथा मानवता की सारी हदें पार देश में दहशत फैला गया। सन्2006 माननीय उच्चतम न्यायालय ने एक केस में फैसला देते हुए कहा था कि वयस्क होने के बाद कोई व्यक्ति किसी के साथ रहने या शादी करने के लिए स्वतंत्र है। इस फैसले के साथ लिव इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता मिल गई। अदालत ने कहा था कि कुछ लोगों की नजऱ में अनैतिक माने जाने के बावजूद ऐसे रिश्ते में रहना कोई अपराध नहीं है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे दो वयस्क जोड़ों की पुलिस सुरक्षा की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि ये संविधान के आर्टिकल 21 के तहत दिए गए 'राइट टू लाइफ' की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा था कि लिव इन रिलेशनशिप को व्यक्तिगत स्वायत्तता के चश्मे से देखने की आवश्यकता है, न कि सामाजिक नैतिकता की धारणाओं से। यहां पर माननीय न्यायालयों के फैसलों पर कोई भी टिप्पणी न करके इतना विचार करना आवश्यक है कि जीवन के अधिकार के संवैधानिक मौलिक अधिकार के साथ समाज में स्वस्थ नैतिक मूल्यों की स्थापना होना भी आवश्यक है। आखिर मनुष्य होने के साथ हमारा पशुओं जैसा व्यवहार तथा दरिंदगी कहां तक उचित है? इस तरह की घटनाएं समाज में दहशत फैलाकर प्रेम, आकर्षण तथा शादी जैसी शब्दावलियों के लिए पुनः सोचने को मजबूर करती हैं। आफताब के दिल में श्रद्धा के लिए इतनी नफरत तथा दरिंदगी कि वह उसकी बोटी-बोटी छः महीने तक जंगलों में फैंकता रहा। मानवीय प्रेम, जीवन की परिणति घृणित, जघन्य और शर्मसार करने वाली इससे बड़ी घटना क्या हो सकती है। हालांकि वर्तमान समय में युवक तथा युवतियां पढ़े-लिखे तथा समझदार हैं, परंतु पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अब वे भी लिव इन रिलेशनशिप की बात करते हैं। शहरों तथा महानगरों, विश्वविद्यालयों, विभिन्न संस्थानों में कार्यरत नौकरीपेशा लोग इसी आधुनिकता के प्रभाव में हैं। शादी जैसे पवित्र रिश्ते को महज कांट्रेक्ट समझा जाता है। जन्म-जन्म के बंधन में बंधने वाली कसमें अब औपचारिकता मात्र हो गई हैं। शादियों में हमारे रस्म-ओ-रिवाजों का उपहास उड़ाया जाता है। विवाहित युगलों के पास बच्चे पैदा करने, उनका पालन-पोषण तथा शिक्षण का समय नहीं। घर में बच्चों की देखभाल नौकर कर रहे हैं, शहरों में बच्चे पालने के पैसे देकर अनेक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। शैशवावस्था से ही बच्चों को नौकरों की हिंसा, पालन-पोषण तथा संस्कार मिल रहे हैं। बच्चों की ट्यूशन कक्षाएं, हाबी क्लासेज में बच्चों को व्यस्त रखा जाता है। शाम या देर रात माता-पिता थके हारे घर आते हैं। सुबह फिर से वही दिनचर्या शुरू हो जाती है। सामाजिक संबंधों, पारिवारिक रिश्तों तथा बूढ़े माता-पिता की सेवा, पारिवारिक तथा सामाजिक ज़िम्मेदारियां निभाना तो अब गए ज़माने की बात हो गई है। ज़िंदगी मशीन जैसी हो गई है। कोई किसी के साथ स्थायी रूप से बंधना नहीं चाहता। व्यावसायिक युवा दिन-रात धन-दौलत, पद, प्रमोशन की दौड़ गाड़ी-बंगला, बैंक बैलेंस की अंधी दौड़ में सामान्य जीवन को भूल गए हैं। सब धन-दौलत, शान-ओ-शौकत, शौहरत, भौतिकवाद की चकाचौंध में जी रहे हैं। इस परिवेश में जीवन मूल्यों की बात करना तो अपनी फजीहत करवाना है। याद रखें, सबसे पहले हमारा अस्तित्व होना आवश्यक है, तभी हम नौकरी, धन-दौलत तथा भौतिक संसाधनों के बारे में सोच सकते हैं। युवाओं को ऐसे घटनाक्रमों से सबक लेते हुए अपने जीवन की व्यवहारिकता, सामाजिकता तथा संस्कारों के लिए सचेत हो जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में जीवन के अधिकारों के अनेक पहलू कानून में निर्धारित होंगे परन्तु सामाजिक तथा मानवीय व्यवहार की दृष्टि से तो ऐसा कुकर्म होना अप्राकृतिक, अमानवीय तथा घोर अमानवीय अपराध की दृष्टि से ही देखा जा सकता है। लिव इन रिलेशनशिप के कानून के विषय में देश में जागरूक बुद्धिजीवियों, कानूनविदों तथा समाजशास्त्रियों में इसे वापस लेने की नई बहस शुरू हो गई है।

नागरिक बोध

जूठे सपने दिखाने वाले होते है दुश्वारियों का शिकार

सत्य को साक्षी की जरूरत नही होती है। सत्य हमेशा उज्ज्वल होता है। सत्य को जुठलाने वाला जीवन मे कभी सफलता हासिल नही कर सकता है। ईमानदार लोग जिन्होंने ईमानदार राजनीति के लिए एक नये प्रयोग को चुना था।तब ईमानदारी का दम्भ भरने वाले लोगो ने नारा दिया था। बाहर निकलो मकानों से,जंग लड़ो बेईमानो से। पर आज उनके समर्थक ही इससे बाहर निकल कर हिसाब देने की बात की थी।समाजसेवी अण्णा हजारे का भी दर्द छलक आया था कि बापू की जिस समाधि से उन्होंने भ्रष्टाचार के विरूद्ध जंग का एलान किया था। अन्ना एक निस्वार्थ सत्याग्रही है। वे अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक महत्वकांक्षा को देर से समझ पाए। इसके बावजूद अण्णा को उम्मीद थी कि शायद अरविंद एक ईमानदार राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करेंगे। परन्तु इंडिया अगेंस्ट करप्शन के आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी से उन ईमानदार दानदाताओं को घोर निराशा हुई है। जिन्होंने एक बड़े उदेश्य के लिए तन मन धन समर्पित किया था। भारत के बाहर अण्णा अरविंद के आंदोलन को संबल प्रदान करने वालो में ड्रॉ मुनीश सबसे अग्रणी थे। अरविंद केजरीवाल को अण्णा ने लिखा था कि आपने जनता से और समाज मे परिवर्तन लाने का वादा किया था। उस वादे को पूरा नही करने से दुःख होता है। सत्ता और पैसा आपके लिए महत्वपूर्ण हो गया है। अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को केंद्र में रखकर यह कयास लगाए थे कि अब कांग्रेस सत्ता में आने वाली नही है। और नरेंद्र मोदी पर हर रोज निशाना साधने का सिलसिला कई महीनों तक यू ही चला।जब उनको यह अहसास होने लगा कि वो तो निर्दोष और देश के सेवक है तो उन्होंने उनसे ध्यान हटा दिया। अब मोदी पर आरोप और निशाना नही साधते है। केजरीवाल की एक ही इच्छा है उनको देश का प्रधानमंत्री बनना है।उसके लिए उनके लिए ईमानदारी का मार्ग प्रशस्त करना पड़ेगा। समाज और देश की भलाई का सपना लेकर केजरीवाल से जुड़े अण्णा का सपना टूट गया। केजरीवाल ने पार्टी के गठन के समय लोगो के आँखों मे एक सपना जगाया था। दान के हिसाब का भी ब्यौरा देने का वादा किया था। पार्टी में हाई कल्चर को दूर करने का भी भरोसा दिलाया था। केजरीवाल अपने मनमर्जी से पार्टी चला रहे है। सियासी रंग में डूबे केजरीवाल की पार्टी के सिद्धांत ओझल हो चुके है। इन दिनों गुजरात चुनाव के कारण केजरीवाल के दौरे बढ़ गए है। रविवार को मोदी का रोड शो होने के कारण उनको सभा की मंजूरी नही मिल पाई। लेकिन उन्होंने कपड़ा उधमियों से मिलकर चुनाव में मतदान करने की अपील की गई। केजरीवाल ने कपड़ा उधोगपति और व्यवसायियों को आप की सरकार बनने पर सूरत में इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क बनाने की बात कही और व्यापारियों के पेमेंट की सुरक्षा के कानून बनाने का भी वादा किया। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि ऐसी सजा दो कि जमानत जब्त हो जाये। केजरीवाल भाजपा विरोधी फसल को खादपानी देने का काम करेंगे। मोदी ने पाटीदारों के रिस्तो को सुलझाने के लिए सभा मे आह्वान किया तो केजरीवाल ने पाटीदारों को उलझाने की कोशिश कर रहे है। जल,जंगल और जमीन के मुद्दे में सभी दलों की नजर है तो आप के अनेक प्रत्याशियों का भविष्य तय होगा।

देश दुनिया से

सज गया 'चटकते रिश्तों के एहसास' का बाजार

दुनिया में 'बहुत कुछ' बिकता है यह तो सुना था, लेकिन 'सब कुछ बिकता है 'यह पहली बार देख भी लिया। दिल्ली ट्रेड फेयर (अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला) में इस बार एक खास और अनोखे स्टार्टअप का स्टॉल चर्चा में रहा। इसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने तो इस पर मजे भी लिए। इस अनोखे स्टॉल ने मेले में लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आपने तरह-तरह की सर्विस के बारे में सुना होगा, लेकिन हमारे देश में पहली बार यहां दर्शक 'फ्यूनरल एंड डेथ सर्विस' से अवगत हुए। इसका अर्थ होता है कि मरने के बाद इंसान के अंतिम संस्कार की सारी तैयारियां कंपनी ही करेगी। इसमें कंधा देने के लिए चार लोगों का इंतजाम करना हो या फिर पंडित-नाई की जरूरत हो। सुनकर बेहद अजीब लगता है, लेकिन यह बात सही और सच है। हालांकि दीगर मुल्कों में ऐसी सर्विस पहले से ही हैं। अब भारत में भी इसका बाजार आकार लेने लगा है। इस बाजारवाद पर गंभीरता से सोंचे तो यह मानव जीवन से जुड़े हर रिश्ते प्रहार है। ऐसा इसलिए कि हिंदुस्तान में रिश्ते,संस्कार और संस्कृति जिंदा है। यह बाजारवाद बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। इससे आने वाली पीढ़ी बची-खुची जड़ों से भी कट जाएगी। दरअसल बाजार की नाक में सूंघने की क्षमता बहुत होती है। उसने समझ लिया है कि अब भारतीय रिश्तों को निभाना और जीना भूलने लगे हैं। दरअसल यह बाजार उन लोगों के लिए सजाया गया है जो लोग पढ़ाई-लिखाई करके विदेश में बस चुके हैं। वह अब अपने माता-पिता या अन्य से मिलने दो-चार साल बाद आते हैं और दो-चार-दस दिन रुककर चले जाते हैं। यदि ऐसे लोगों के पीछे से उनके घर में किसी की मृत्यु हो जाती है तो वह समय पर नहीं आ पाते। इसकी वजह से पड़ोसी या अन्य रिश्तेदार उनका अंतिम संस्कार कर देते हैं लेकिन कई जगहों पर यह भी देखा जा रहा है कि अब आसपास का समाज भी उतना प्रेम-भाव नही रखता। ऐसी स्थिति को ही भांप कर ही इस तरह की कंपनियां इस धंधे में उतर रही हैं। इस स्टार्टअप में अर्थी को कंधा देने से लेकर, साथ में चलने वाले और

किशोरों की पसंद की सजावट

सजावट कमरे में खिड़कियां भले ही वेंटिलेशन के लिए होती हैं, लेकिन यह भी सच है कि विंडो के पास बैठकर ही किशोर उम्र के हसीन ख्वाब देखते हैं। शायद ही कोई हो जो कभी इन सपनों में न खोया होगा

टीनएज यानी किशोरावस्था जिंदगी का वह पड़ाव है जब खुद से लेकर पड़ोस तक, जीवन के हर छोर और हर पहलू को लेकर सोच में बदलाव आने लगता है। टीनएज में जिंदगी की हर चीज इसी बदलाव के मुताबिक बदलने लगती है। उनकी जिंदगी में बदलाव का असर उनके कपड़ों, आदत, यहां तक कि उनके कमरे पर भी दिखने लगता है। अगर आपका बच्चा उम्र के इस पड़ाव पर है तो उसके कमरे को सजाते वक्त इन बातों पर गौर करें- कलर : टीनएजर्स के कमरे में वाइब्रेंट कलर का इस्तेमाल करें। इनसे कमरे में हर वक्त सकारात्मक तरंगें रहती हैं, जो फील गुड की स्थिति का निर्माण करती हैं। लेकिन इन सबसे भी कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है किशोरावस्था में कदम रखने जा रहे अपने लाडले की पसंद का ध्यान रखना। इसलिए इस चीज को महत्व न देने या दरकिनार करने की गलती बिल्कुल न करें। वॉल्स : दीवारों को एकदम नया पेंट कराएं, चाहे पहले का रंग गंदा हुआ हो या नहीं। इससे कमरे में फ्रेशनेस आएगी। अगर आप कोई पिक्चर या पोट्रेट लगाने की सोच रही हैं तो मैग्नेटिक पेंट बेस्ट च्वॉइस है । इसके बाद आपको दीवार में होल करते वक्त टेंशन नहीं ले नी पड़ेगी। वैसे ज्यादातर टीनएजर्स कोटेशन वाले पोस्टर काफी पसंद करते हैं। अगर आपके माइंड में भी ऐसा कुछ हो तो मैग्नेटिक पेंट्स की कोई जरूरत नहीं है। फ्लोर : फ्लोर कवरिंग के लिए आप काप्रेट का इस्ते माल कर सकती हैं। काप्रेट का कलर और डिजाइन चुनते वक्त अपने बच्चे के टेस्ट का ध्यान अवश्य रखें। विंडोज : कमरे में खिड़कियां भले ही वेंटिलेशन के लिए होती हैं, लेकिन यह भी सच है कि विंडो के पास बैठकर ही इस उम्र के हसीन ख्वाब देखे जाते हैं। याद कीजिए, आप भी तो कभी इन सपनों में खोए होंगे! कमरे की विंडो बड़ी और खुली-खुली हो तो अलग तरह की पेंटिंग करके या इनडोर प्लांट्स से सजाकर उसकी खूबसूरती में और भी उभार लाएं। बेडिंग : कमरे में क्विल्ट, बेडशीट और कर्टेन कमरे की दीवारों के रंग के मुताबिक चूज करें। फर्नीचर : कमरे के लिए फर्नीचर अरेंज करते वक्त बच्चे की जरूरतों को ध्यान में रखें। साथ ही, इस बात का भी ध्यान रखें कि वहां की हर चीज स्टाइलिश और ट्रेंडी हो। फर्नीचर से कमरे को भरने की कोशिश न करें। इससे कमरा छोटा दिखेगा। डेकोरेशन : रूम को डेकोरेट करते वक्त हमेशा ध्यान रखें कि ये आपकी टीनएज की दहलीज पर खड़े बच्चे का कमरा है। कभी भी अपने कॉन्सेप्ट उस पर थोपने की कोशिश न करें। डेकोरेशन के बाद भी इतना स्कोप और प्लेस वहां बचे कि वे अपने मुताबिक मिरर, पोस्टर्स और पिक्चर्स लगा सकें। पहले इतना तो करिए, फिर देखिए कैसे चहक उठते हैं आपके लाडले!

करें त्वचा के अनुरूप केयर

इस दुनिया में हरेक शख्स एक-दूसरे से एकदम अलग है। जिस प्रकार हमारी सोच, व्यक्तित्व और नजरिया एक-दूसरे से अलग है, ठीक उसी प्रकार हम सबकी त्वचा भी अलग होती है। सामान्यत: त्वचा पांच प्रकार की होती है। ऐसे में जाहिर है देखभाल के तरीके भी पांच होने चाहिए

सामान्य त्वचा की केयर- ऐसी त्वचा को स्पेशल केयर की जरूरत नहीं होती, मगर बिल्कुल ध्यान न दिया जाए तो मुश्किल पैदा हो सकती है। घर पर थोड़ी सी देखभाल करके हम अपनी त्वचा को हमेशा चमकदार बनाए रख सकते हैं। मास्क के तौर पर उंगलियों को गुनगुने पानी में भिगोएं और उनमें शहद लेकर पूरे चेहरे और गले पर भी फैलाएं। आंखों को बचा कर रखें। 5-10 मिनट रहने दें और फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इससे त्वचा नर्म और चमकदार हो जाती है। एक चम्मच काओलीन पाउडर, एक अंडे की जर्दी, एक चम्मच ऑरेंज जूस, 2-4 बूंद नींबू और 4-5 बूंद रोगन बादाम को मिक्स करके चेहरे पर लगाएं और जब ये सूख जाएं तो सादे पानी से फेस वॉश कर लें। शुष्क त्वचा की केयर- ऐसी त्वचा में रूखापन रहता है जिसके चलते झुर्रियां जल्दी पड़ने लगती हैं। ऐसी त्वचा की अच्छी देखभाल की जरूरत होती है। घर पर सही जानकारी के साथ देखभाल करने के कुछ टिप्स : रूखी और शुष्क त्वचा के लिए मॉइश्चराइजिंग मास्क बना लें। एक केले को मैश करके उसमें एक चम्मच शहद और पांच चम्मच दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। 20 मिनट तक चेहरे पर लगाएं और फिर धो लें। चिरौंजी को कुछ देर दूध में भिगोकर रखें। फिर इसे पीसकर चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट तक लगाए रखने के बाद इसे धो दें। यह एक अच्छा नरीशिंग पैक है जिससे आपकी त्वचा में चमक एवं ताजगी आ जाएगी। नहाने के पानी में एक कप कच्चा दूध डालकर स्नान करने से त्वचा में कोमलता आती है।

मिश्रित त्वचा की केयर- अगर आपकी त्वचा कहीं से तैलीय और कहीं से रूखी है तो ऐसी त्वचा मिश्रित त्वचा कहलाती है। घर पर इस प्रकार की त्वचा की देखभाल के लिए कुछ नुस्खे : तैलीय हिस्से को दिन में कम से कम 2 बार ऐस्ट्रिंजेंट की मदद से क्लीन करें। दो ताजा स्ट्रॉबेरी को मलाई में अच्छी तरह से मिला लें और सिर्फ चेहरे के रूखे भागों पर इसे मॉइश्चराइजर की तरह लगाकर कुछ देर तक मसाज करें। हल्का-सा सूखने पर गुनगुने पानी से धो लें।

तैलीय त्वचा की केयर- जब तेल ग्रंथियां ज्यादा होती हैं या ज्यादा प्रभावशील होती है तो त्वचा तैलीय हो जाती है। ऐसी त्वचा चमकती है और इसके रोमछिद्र भी अधिक खुले और बढ़े हुए नजर आते हैं। तै लीय त्वचा की घर पर केयर करने के लिए जानते हैं, कुछ कामयाब नुस्खे : टमाटर ऑयली स्किन पर एस्ट्रिंजेंट की तरह काम करता है। रुई में इसके रस को लेकर चेहरे पर हल्के-हल्के मलने से त्वचा का एक्स्ट्रा ऑयल बाहर निकलता है। संतरे के रस को निकाल कर फ्रिज में जमा लें। इस क्यूब को अपने चेहरे पर मलें। ये चेहरे की गंदगी और एक्स्ट्रा ऑ यल को हटाता है। हफ्ते में एक बार यह घरेलू फेस मास्क लगाएं। चंदन पाउडर, मुल्तानी मिट्टी तथा चुटकी भर हल्दी को नारियल पानी में मिलाकर पेस्ट बनाएं और इसे 10-15 मिनट तक चेहरे पर लगाकर रखें। सूखने पर सादे पानी से धो दें। आपकी त्वचा खिल उठेगी।

डिहाइड्रेटेड स्किन- जब त्वचा में पानी की कमी हो जाती है तो उस त्वचा को हम डिहाइड्रेटेड स्किन कहते हैं। त्वचा में नमी पहुंचाने के लिए कुछ कामयाब घरेलू नुस्खे : ग्लिसरीन, नींबू का रस और गुलाब जल को बराबर मात्रा में मिलाकर रख लें। हर रोज रात को लगाकर सोएं। सोयाबीन के पाउडर में शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं और दस मिनट बाद धो डालें। दिन में कम से कम 10-12 गिलास पानी जरूर पिएं।

सही ब्रश और कंघी बालों की केयर के लिए

बाल हमारे शरीर के ऐसे हिस्से हैं जो मूड के मुताबिक बदलते रहते हैं। इसके लिए आपको कंघी और ब्रश जैसे टूल्स की जरूरत होती है। इसलिए बालों की सेहत के लिए सही ब्रश और कंघे की जानकारी के साथ ही उन्हें कैसे साफरखा जाए, इस बारे में जानना भी जरूरी हो जाता है। बालों में तरह-तरह के स्टाइल बनाने और हेयर टाइप के अनुसार कई तरह के ब्रश और कंघे होते हैं। दो तरह के कंघे जो आपके पास जरूर होने चाहिए, उनमें चौड़े दांत यानी वाइड टूथेड कॉम्ब जो उलझे बालों को सुलझाने और फाइन टूथेड कॉम्ब जो पार्टिग और स्टाइलिंग के काम आते हैं। आमतौर पर तीन तरह के ब्रश होते हैं , जो आपके पास जरूर होने चाहिए बाल धोने के बाद उलझे बालों को सु लझाने के लिए पैडल ब्रश होता है। रोजमर्रा के हिसाब से बालों की स्टाइलिंग के लिए वेंटेड ब्रश बालों को साफ और चिकना बनाता है। बालों में कर्ल और ब्लो ड्राइंग के लिए राउंड ब्रश हैं। हल्के हाथों से बालों में ब्रश और कंघी करें। ब्रश और कंघी की देखभाल करना भी बहुत महत्वपूर्ण है। इन्हें हमेशा साफरखें। ये आपके बालों की स्टाइल बनाते हैं। साथ ही, ब्रशिंग और कॉम्बिंग से कभी बालों में रोएं, गंदगी या वे चिपचिपे नहीं होते। इनमें लगे पुराने बालों को उंगलियों या टूथ पिक से साफ कर दें। ब्रश को बहते गुनगुने पानी से धोएं जिससे गंदगी और चिकनाई बाहर निकल जाए। इनके दांतों को अंगुलियों से साफकर लें। आप चाहें तो मग में गर्म पानी, कुछ बूंदें शैम्पू और कुछ बूंदें कीटाणुनाशक की डालकर उसमें ब्रश और कंघे को डुबो कर रख सकती हैं। एक घंटे बाद पानी से निकालकर साफ पानी से धोकर इन्हें साफ कर सकती हैं। अपने ब्रश और कंघों को साफ रखेंगे, ये आपके बालों को भी खुश बनाएंगे। प्र. मे रे बाल दिन-ब-दिन पतले होते जा रहे हैं, मैं क्या करूं? उ. आप नियमित ट्रि मिं ग करवाएं क्योंकि बालों के डेड पार्ट को गुनगुना नारियल तेल बालों की जड़ों में लगाएं और रात भर लगा रहने दें। पौष्टिक भोजन करें, अंदर से स्वस्थ होना भी बालों की सेहत के लिए जरूरी है। हमेशा सही ब्रश और कंघे का प्रयोग करें जिससे स्टाइलिंग के दौरान ये टूटेंगे नहीं। प्र. पिछले छह महीनों से सिर में जबर्दस्त रूसी हो गई है। मैं नियमित रूप से बेहतर डैंड्रफशैम्पू का प्रयोग करता हूं लेकिन इनसे भी यह पूरी तरह नहीं जा रहे।

उ. लंबे समय तक घर पर डैंड्रफ का ट्रीटमेंट न करें। डॉक्टर से सलाह लेकर प्रॉपर मेडिकल ट्रीटमेंट लें। अगर एंटी डैंड्रफशैम्पू को लंबे समय तक प्रयोग किया जाए तो ये नुकसान पहुंचा सकते हैं। परेशान न हों, अनुभवी डॉक्टर के उपचार से आपकी समस्या का समाधान हो जाएगा।

हेल्थ प्लस

सब्जियों को पत्ते सब्जियों से ज्यादा पौष्टिक होते हैं

यह *बहुत कम लोगों को मालूम है कि जो फल व सब्जियां हम खाते हैं, उनके पत्तों एवं जडों का उपयोग भी सब्जी बनाने में कर सकते हैं। ये पत्ते उन सब्जियों से ज्यादा पौष्टिक होते हैं, जो बीमारी से बचाने या रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में काफी मददगार होती हैं। इसी प्रकार कमल के फूल के डंडे, गुलमोहर फूल व उसके पत्ते, पान के पत्ते, मटर के छिलके, खरबूजे व तरबूज के ऊपर का छिलका, पालक के डंठल, सबजन के पत्तों को भी सब्जी की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।*

हरा धनिया, पालक, पुदीना, मीठे नीम के डंठल को तो अधिकतर घरों में फैंक दिया जाता है। ये भी उतने ही पौष्टिक हैं जितनी उनकी पत्तियां। हरी पत्तेदार सब्जियों में कैलोरी तो बहुत कम होती है। प्रायः 100 ग्राम मं 25-30 कैलोरी (नमी), पानी 80-90 प्रतिशत, वसा 0.3-0.6 ग्रा. ही रहती है लेकिन विभिन्न सूक्ष्स पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में उपस्थित रहते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने व रोगों से बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। हरी सब्जियों में उपलब्ध सूक्ष्म पोषक तत्व ज्यादा पकाने से या उबालने से नष्ट हो जाते हैं, अतः इन सब्जियों का उपयोग ज्यादातर जजूस, सलाद के रूप में करें। ज्यादा पकाने के बाद भी दूसरी सब्जियों से हरे पत्तेगार सब्जियों को बेसन, दाल, कटलेट, खमण, इडली, ढोकला, बाटी, बेसन के गट्टे, सांभर. खिचड़ी या सैंडविच के मसाले में मिलाकर उपयोग किया जा सकता है।

इससे वे ज्यादा स्वादिष्ट भी बनेंगी। हरी पत्तेदार सब्जियां पौष्टिक तत्वों से इतनी भरपूर होती हैं कि इनकी बहुत अधिक मात्रा में आवश्यकता नहीं होती। दिन भर में 1 कटोरी हरे पत्तेदार सब्जी वयस्क व्यक्ति के लिए पर्याप्त है। तो फिर देर किस बात की। जजो पत्तेदार सब्जियां हम फैंक रहे हैं, आज से ही उन्हें आहार में शामिल कर लिया जाए। कुछ ही दिनों में इसका असर आपके चेहरे व स्वास्थ्य पर अवश्य दिखेगा, साथ ही बीमारी में भी त्वचा कांतियमय होने लगेगी।

चीनी खाएं, लेकिन संभलकर..

चीनी चींटियों को ही नहीं, बीमारियों को भी दावत देती है। मीठा खाने से तमाम बीमारियों समेत डायबिटीज और मोटापा बढ़ने की बात कही जाती है। अमेरिका की कार्नेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डा. डेविड लेविट्स्की के अनुसार शर्करायुक्त भोजन स्वादिष्ट लगता है। इसलिए मीठे पदार्थ ज्यादा खा लिए जाते हैं। डायबिटीज होने का मतलब है कि आपका शरीर पूरी तरह खून से ग्लूकोज साफनहीं कर पा रहा। शरीर में ग्लूकोज का नियमन ठीक से न हो पाने की स्थिति में यह टिश्यूज को नष्ट कर सकता है। टाइप 1 डायबिटीज से ग्रस्त लोगों में यह बीमारी जन्म से होती है। इसका शर्करा से कोई संबंध नहीं होता। इसी तरह टाइप 2 डायबिटीज मोटापे के चलते होती है। पुराने शोधों में कहा जाता था कि फरुक्टोज (फ्ल शर्करा) को सामान्य रूप से लिया जाए तो खून में वसा का स्तर नहीं बढ़ता। हाल ही में मिनेसोटा यूनिवर्सिटी के शोध में बताया गया है कि प्रिजर्वेटिव उत्पादों द्वारा ली जाने वाली फरुक्टोज की मात्रा खून में जमकर वसा बढ़ाती है। हम जितना फरुक्टोज खाते हैं, लिवर उसमें मौजूद ग्लूकोज को खून में भेजता या जमा कर देता है। संचय भंडार भरने के बावजूद लिवर, फरुक्टोज को खून में न भेजकर ग्लाइकोजन के रूप में जमा कर लेता है। सामान्यत: डायबिटीज या प्रीडायबिटीज के लिए डॉक्टर ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट (ओजीटीटी) करते हैं। इस टेस्ट से शर्करा का तंत्र पर दबाव आंका जाता है। शोध के मुताबिक किसी सामान्य मीठे पेय में ग्लूकोज की अल्प मात्रा (75 ग्राम) भी तंत्र पर दबाव डालती है। लंबा जीवन जीने के लिए अनाजों के सेवन के अलावा संयमित रहने की जरूरत है। शोध अनुसार रक्त शर्करा का कम स्तर भी आपकी जिंदगी लंबी कर सकता है।

वरुण धवन की हॉरर फिल्म भेड़िया ने पहले दिन कितनी कमाई की?

अभिनेता वरुण धवन की हॉरर फिल्म भेडिय़ा ने रिलीज होते ही दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर लिया है। फिल्म 25 नवंबर को सिनेमाघरों में आई है। फिल्म रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने फिल्म की तारीफ में खूब कसीदे पढ़े। अब इसका पहले दिन का कलेक्शन सामने आ गया है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब सात करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

मशहूर समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर फिल्म की कमाई का आंकड़ा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म ने ओपनिंग डे को 7.48 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसे एक ठीक-ठाक शुरुआत माना जा रहा है। ज्यादातर समीक्षकों का आंकलन है कि वीकेंड में फिल्म की कमाई की रफ्तार बढ़ सकती है। फिल्म को जिस प्रकार के रिव्यूज मिल रहे हैं, उसे देखते हुए मेकर्स का उत्साह बढ़ा हुआ है।

वहीं, इस फिल्म ने दुनियाभर में करीब 12 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। अभिनेता वरुण ने ट्विटर पर इस संबंध में जानकारी शेयर की है। उन्होंने एक पोस्टर शेयर करते हुए फैंस के साथ अपनी खुशी बांटी है। जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। अमर कौशिक इस फिल्म के निर्देशक हैं। बता दें कि इससे पहले अमर ने स्त्री जैसी जबरदस्त हॉरर फिल्म का निर्देशन किया था।

भेडिय़ा ने सिनेमाघरों में आते ही अजय देवगन की थ्रिलर फिल्म दृश्यम 2 को कड़ी टक्कर दी है। दृश्यम 2 ने अब तक भारत में 112.53 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसने अपने पहले वीकेंड में ही 64.14 करोड़ रुपये जुटा लिए थे। शुक्रवार को फिल्म ने अपने खाते में 7.87 करोड़ रुपये का इजाफा किया। अब ये तो वक्त बताएगा कि आने वाले दिनों में कमाई की रेस में कौन फिल्म आगे निकलती है।



भेडिय़ा में वरुण के साथ अभिनेत्री कृति सैनन ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। फिल्म में दोनों के अभिनय को सराहा जा रहा है। वरुण और कृति इससे पहले रोहित शेट्टी की दिलवाले में दिखे थे। दीपक डोबरियाल, अभिषेक बनर्जी और पालिन कबाक जैसे कलाकारों ने अपने अभिनय की धार दिखाई है। कुछ दर्शकों ने फिल्म के वीएफएक्स की तारीफ की है। भेडिय़ा दिनेश विजान के भूतिया यूनिवर्स की तीसरी फिल्म है। इससे पहले वह स्त्री और रूही लाए थे।

यह फिल्म रिलीज के दिन ही कई पायरेटेड वेबसाइटों पर ऑनलाइन लीक हो चुकी है। इसका मतलब है कि लोग फिल्म को कई प्लेटफॉर्म से डाउनलोड करके मुफ्त में देख सकते हैं। बता दें कि पायरेसी से फिल्म की कमाई प्रभावित होती है।

अगले साल शुरू होगी द फैमिली मैन 3 की शूटिंग, मनोज बाजपेयी ने की पुष्टि

द फैमिली मैन के अब तक दो सीजन आ चुके हैं और दर्शकों को इसके तीसरे सीजन का इंतजार है। इसमें लोकप्रिय अभिनेता मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। मनोज ने ही अब इसके तीसरे सीजन को लेकर एक अहम जानकारी दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि इसके तीसरे सीजन की शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या कुछ कहा।

मनोज ने कहा, अमेजन प्राइम इस प्रोजेक्ट की शूटिंग बहुत पहले शुरू करना चाहती थी, लेकिन दोनों निर्देशक राज निदिमोरु व कृष्णा डीके और मैं इस साल के अंत तक अपने अन्य प्रोजेक्ट में व्यस्त हूं। वे अगले साल की शुरुआत में द फैमिली मैन 3 पर काम शुरू करने के लिए तैयार होंगे। अभी मेकर्स ने इस सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान नहीं किया है।

मनोज ने द फैमिली मैन 2 में फिर श्रीकांत तिवारी के रूप में जबरदस्त वापसी की है। जासूसी पर आधारित इस सीरीज में साउथ की अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने नकारात्मक भूमिका को अच्छे तरीके से निभाया। प्रियामणि, शारिब हाशमी, शरद केलकर और दर्शन कुमार ने इस सीरीज में वापसी की थी। इसका पहला सीजन 2019 में आया था, जबकि इसके दूसरे सीजन को पिछले साल दर्शकों के बीच लाया गया था।

रिपोर्ट्स की मानें तो सीरीज के तीसरे सीजन में कहानी करवट लेगी। इसमें श्रीकांत (मनोज) और उनकी टीम चीन से टक्कर लेती नजर आएगी। आगामी सीजन में भारत को बर्बाद करने के लिए चीनी दुश्मनों के प्लान का नाम गुआन यू होगा। गुआन यू एक चीनी सेना जनरल थे, जिनकी चीनी लोग पूजा करते हैं। इसके पहले सीजन में पाकिस्तान से दुश्मनी दिखाई गई थी, जबकि दूसरे सीजन में कलाकारों ने श्रीलंका से डटकर मुकाबला किया।

राज और डीके की जोड़ी शाहिद कपूर अभिनीत वेब सीरीज फेक्स और गुलंकद के काम में व्यस्त है। वे सामंथा रुथ प्रभु को लेकर भी एक सीरीज पर काम कर रहे हैं। वहीं दोनों राजकुमार राव को लेकर भी एक सीरीज बना रहे हैं।

हाल ही में मनोज की गली गुलियां अमेजन प्राइम वीडियो पर आई है। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है, जो 2018 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वह निर्देशक कन्नू बहल की फिल्म डिस्पैच में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। पत्रकार की कहानी पर आधारित इस फिल्म में मनोज एक क्राइम रिपोर्टर बने हैं। वह अपनी फिल्म गुलमोहर में भी दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर भी नजर आएंगी।

पोज देने के चक्कर में खिसक गई जिनल जोशी की ड्रेस

मराठी एक्ट्रेस जिनल जोशी इंस्टाग्राम पर हमेशा अपने बोल्ड फोटोज और वीडियोज शेयर कर के फैंस का अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। एक्ट्रेस जिनल जोशी हमेशा से अपनी बोल्ड और स्टनिंग हॉट तस्वीरों से सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जिनल जोशी ने अपनी ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने पिंक कलर का शॉर्ट डीपनेक ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस जिनल जोशी इन तस्वीरों में अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस जिनल जोशी ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस जिनल जोशी के सेक्सी पोज देने के चक्कर में ड्रेस खिसक गई है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो तेजी से वायरल होने लग जाती हैं। जिनल जोशी की इन तस्वीरों में फैंस दिलखोलकर प्यार लूटा रहे हैं। फैंस भी एक्ट्रेस की एक झलक पाने के लिए उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

अजय देवगन की दृश्यम 2 ने 100 करोड़ रुपये के क्लब में मारी एंट्री

अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। इस फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छी शुरुआत मिली है। अब फिल्म ने एक और सफलता हासिल कर ली है। यह कमाई के मामले में 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो गई है। मात्र सात दिनों में फिल्म ने भारत में 100 करोड़ रुपये से अधिक बटोर लिए हैं। अजय के फैंस तो यही चाहेंगे कि फिल्म की कमाई का सिलसिला जारी रहे।

रिपार्ट के अनुसार, दृश्यम 2 ने अब तक भारत में 104.66 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 15.38 करोड़ रुपये कमाए थे। ओपनिंग वीकेंड में इसने 64.14 करोड़ रुपये अपने खाते में जोड़े। हालांकि, गुरुवार को फिल्म की कमाई में थोड़ी गिरावट देखी गई। गुरुवार के दिन फिल्म ने 8.62 करोड़ रुपये कमाए, जबकि बुधवार को इसका कलेक्शन 9.55 करोड़ रुपये हुआ था।

दृश्यम 2 साल की पांचवीं बॉलीवुड फिल्म बन गई है, जिसने 100 करोड़ रुपये के क्लब में स्थान हासिल किया है। रणबीर कपूर की ब्रह्मास्त्र ने 257.44 करोड़ रुपये कमाए। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने खूब धमाल मचाया था। फिल्म ने 185.92 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। कम बजट में बनी विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स ने 252.90 करोड़ रुपये कमाए थे। आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाडी ने 129.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

दृश्यम 2 18 नवंबर को रूपहले पर्दे पर आई है। इसका निर्देशन फिल्ममेकर अभिषेक पाठक ने किया है। अजय के अलावा तब्बू, श्रिया शरन, इशिता दत्ता और कमलेश सावंत मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसमें अक्षय खन्ना की एंट्री हो गई है, जो अजय से दो-दो हाथ करते दिखे हैं। एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में उनके अभिनय को सराहा गया है। पहले भाग की तरह इसके दूसरे भाग को भी दर्शकों ने अच्छे रिव्यूज दिए हैं।

सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद यह फिल्म दिग्गज स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। फिलहाल इसकी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। यह 2015 की फिल्म दृश्यम का सीक्वल है। दोनों ही फिल्में इसी नाम की मलयालम फिल्म की रीमेक हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे विजय सालगांवकर (अजय) का परिवार फिर मुसीबत में फंस जाता है। वह अपने परिवार को कैसे बचाने की कोशिश करते हैं, इसी के इर्द-गिर्द फिल्म घूमती है।

कुमार मंगत ने दृश्यम 3 पर काम करना शुरू कर दिया है। इस बार यह फिल्म मलयालम और हिंदी में एकसाथ रिलीज की जाएगी। हिंदी दृश्यम 3 की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। वहीं मलयालम में इस फिल्म की कुछ समय पहले घोषणा हुई थी।

सलाम वेंकी में पत्रकार बनेंगी

अहाना कुमरा

टीवी और फिल्म अभिनेत्री अहाना कुमरा ने पहली बार एक पत्रकार की भूमिका निभाने के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि रेवाही के निर्देशन में बनी फिल्म सलाम वेंकी में काजोल के साथ काम करना कैसा रहा। अभिनेत्री, जो लिपस्टिक अंडर माय बुर्का, अवरोध 2, एजेंट राघव, खुदा हाफिज और कई अन्य परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं, ने अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए कहा, मैंने कभी पत्रकार की भूमिका नहीं निभाई मेरे अब तक के करियर में और यह दिलचस्प है कि मैं भूमिका निभाने में सक्षम हूं और ऐसे महान कलाकारों की टुकड़ी का हिस्सा भी हूं जहां आपको अभिनेताओं, निर्देशक, सिनेमैटोग्राफर और निर्माता के ऐसे अविश्वसनीय दल के साथ काम करने का अवसर मिला है।

काजोल और रेवती के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया, मेरा अनुभव अभूतपूर्व था, हालांकि मेरे पास काजोल के साथ ज्यादा सीन नहीं थे। हमारे साथ सिर्फ एक सीन था और उन्हें सीन्स परफॉर्म करते हुए देखना अपने आप में एक अनुभव था।

ऐसी अभिनेत्री से सीखना अविश्वसनीय है जो अपने क्षेत्र में एक दिग्गज हैं और उद्योग में इतने लंबे समय से काम कर रही हैं। सेट पर उनकी ऊर्जा अविश्वसनीय थी।रेवती द्वारा निर्देशित सलाम वेंकी में काजोल मुख्य भूमिका में हैं। यह एक महिला और उसके जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याओं की कहानी है। यह 9 दिसंबर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

कार्तिक आर्यन कबीर खान की फिल्म में बॉक्सर की भूमिका में आएंगे नजर

अभिनेता कार्तिक आर्यन के खाते में कई बड़ी फिल्में जुड़ी हैं। खबरों की मानें तो कबीर खान की अगली फिल्म में वह बॉक्सर की भूमिका में नजर आ सकते हैं। अभी इस फिल्म का शीर्षक तय नहीं किया गया है। कबीर फिल्म का निर्देशन करेंगे, जबकि साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन हाउस द्वारा इसका निर्माण किया जाएगा। 83, स्त्री और द फैमिली मैन के डायलॉग लिखने वाले लेखक सुमित अरोड़ा ने इसकी कहानी लिखी है।

रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक ने फिल्म में बॉक्सर की भूमिका निभाने के लिए कमर कस ली है। फिल्म के लिए वह अपनी शारीरिक संरचना में भी बदलाव लाएंगे। एक सूत्र ने कहा, यह फिल्म कार्तिक के लिए एक बड़ी चुनौती होने जा रही है। उन्हें बॉक्सर की भूमिका निभाने के लिए अपना वजन बढ़ाना होगा। उन्होंने पहले ही राजकोट में राहुल भट्ट के साथ ट्रेनिंग शुरू कर दी है।

राहुल भट्ट एक फिटनेस ट्रेनर हैं, जिन्होंने कई हस्तियों को ट्रेनिंग दी है। कार्तिक से पहले उन्होंने अभिनेता आमिर खान को फिटनेस की ट्रेनिंग दी थी। दंगल की भूमिका के लिए आमिर ने राहुल की मदद ली थी।

सूत्र की मानें तो कार्तिक को बड़े स्तर पर तैयारी की जरूरत है। शारीरिक संरचना के साथ-साथ उन्हें अपनी बॉडी लैंग्वेज भी बदलनी होगी। एक बॉक्सर की भूमिका में खुद को ढालने के लिए उन्हें महीनों की मेहनत लगेगी। इसके लिए वे एक्सरसाइज के साथ-साथ सख्त डाइट रूटीन का पालन कर सकते हैं। दर्शकों को पर्दे पर कार्तिक का अलग अवतार देखने को मिलेगा। फिलहाल इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

कार्तिक साजिद के साथ सत्यप्रेम की कथा पर भी काम कर रहे हैं। इस महीने के अंत में इस फिल्म की शूटिंग समाप्त हो सकती है। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी है, जिसमें उनके साथ कियारा आडवाणी नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल 29 जून को बड़े पर्दे पर आएगी। इसका निर्देशन समीर विद्वंस कर रहे हैं। बता दें कि भूल भुलैया 2 में कार्तिक और कियारा की जोड़ी ने कमाल कर दिया था।

कार्तिक अपनी फिल्म प्यार का पंचनामा 3 में अभिनय करते दिखेंगे। इसके लिए उन्होंने निर्देशक लव रंजन के साथ हाथ मिलाया है। इसके अलावा वह फ्रेडी, लुका छिपी 2 और शहजादा जैसी फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वह हंसल मेहता की फिल्म कैप्टन इंडिया में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। फिल्म आशिकी 3 के हीरो भी कार्तिक ही हैं। इस अभिनेता की हालिया कई फिल्मों ने सिनेमाघरों में बंपर कमाई की है।